51 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डांक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 27.3 °c
अधिकतम 39.3 °c

**अमृतवाणी**
सबसे उत्तम तीर्थ मनुष्य का अपना मन होता है, उसे शुद्ध करना सबसे अधिक आवश्यक है।


# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

संस्थापक : उत्तम चंद्र शर्मा
मो. 94127-10840
सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606
रोजाना आपकी सुबह की चाय पर


**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**
आज के असुरों से जनमानस को बचाने के लिए हम यहां प्रार्थना करने आये हैं : अखिलेश यादव



अच्छा है... वैसे तो यह प्रार्थना देवता मान ही रहे हैं.......

सूर्योदय : 5:18, सूर्यास्त : 7:18 | वर्ष : 51/ अंक : 160 | रविवार, 11 जून 2023 | आषाढ़, कृष्ण पक्ष, अष्टमी | सम्वत् 2080 | मूल्य 3 रुपये



# खतौली चेयरमैन हाजी लालू पर लटकी तलवार

## ▶ जिलाधिकारी ने पिछड़ा वर्ग का जाति प्रमाणपत्र फर्जी पाए जाने पर किया रद्द
## ▶ तीन सदस्यीय जांच समिति ने हाजी लालू द्वारा दी गई तमाम सफाई को नकारा

**मुजफ्फरनगर, 10 जून (बु.)।** खतौली नगर पालिका में हाल में निर्वाचित रालोद के चेयरमैन हाजी शाहनवाज के चुनाव पर तलवार लटक गई है। प्रशासन ने उनका जाति प्रमाण पत्र अवैध मानते हुए निरस्त कर दिया है। आरोप है कि लालू ने अगडी जाति शेख से होते हुए भी चेयरमैनी चुनाव में आरक्षण का लाभ लेने के लिए पिछड़ी जाति कलाल के रूप में अपना जाति प्रमाणपत्र बनवा लिया। इसकी शिकायत के बाद जिलाधिकारी ने जांच कराई तो मामला संदिग्ध मिलने के बाद उक्त प्रमाणपत्र को निरस्त कर दिया गया है। इस मामले को लेकर चेयरमैन के प्रत्याशी रहे कृष्णपाल व पूर्व चेयरमैन पारस जैन ने शिकायत की थी।

जनपद में खतौली नगर पालिका के नवनिर्वाचित चेयरमैन रालोद नेता हाजी शाहनवाज लालू का जाति प्रमाण पत्र अवैध पाया गया है। अपर जिलाधिकारी प्रशासन, उपजिलाधिकारी खतौली व पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी की जांच समिति के निष्कर्षों में जाति प्रमाण पत्र अवैध मिलने के बाद उन्होंने अपनी जांच रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेजी। इसके बाद जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी ने उक्त जाति प्रमाणपत्र को निरस्त कर दिया। हाल में संपन्न निकाय चुनाव में हाजी शाहनवाज लालू रालोद के टिकट पर गठबंधन से चुनाव जीते थे।



उन्होंने भाजपा के बागी पारस जैन द्वारा समर्थित कृष्णपाल सिंह को पराजित किया था। इस बीच पराजित निर्दलीय प्रत्याशी कृष्णपाल ने हाजी लालू के जाति प्रमाण पत्र को चुनौती दी थी। उन्होंने जिलाधिकारी समेत तमाम स्तर पर भेजी गई शिकायत में आरोप लगाया था कि हाजी लालू ने खुद को कलाल जाति से बताते हुए पिछड़ा वर्ग का प्रमाण पत्र प्राप्त किया था। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि हाजी शाहनवाज लालू पिछड़ा वर्ग से नहीं बल्कि शेख समाज से हैं। उनका कहना था कि शाहनवाज अगड़ी जाति से हैं। शिकायत में दावा किया गया था कि शाहनवाज लालू के स्वर्गीय पिता और दादा के वर्ष 1961 के दो दस्तावेजों में नाम के आगे शेख लिखा हुआ है। यह अगड़ी जाति में आता है। इसको आधार बनाकर की गई शिकायत में आरोप लगाया गया था कि खतौली की पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित सीट पर आरक्षण का लाभ प्राप्त करने के लिए शाहनवाज लालू ने तहसीलकर्मियों से मिली भगत कर खुद को कलाल जाति से घोषित कर पिछड़े वर्ग का जाति प्रमाणपत्र हासिल कर लिया। इस शिकायत के आधार पर जिलाधिकारी अरविंद मलप्पा बंगारी ने चेयरमैन हाजी शाहनवाज लालू के ओबीसी जाति प्रमाण पत्र की जांच कराई। पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी द्वारा उक्त जाति प्रमाणपत्र की जांच के बाद अपनी रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेजी गई थी। इस जांच रिपोर्ट में हाजी लालू का प्रमाण पत्र अवैध पाया गया। इसके बाद जिलाधिकारी ने उक्त प्रमाणपत्र निरस्त करने के आदेश जारी कर दिए। जांच रिपोर्ट में कहा गया है कि शिकायतकर्ता द्वारा नगरपालिका के जन्म मृत्यु रजिस्टर के अलावा 1961 के बैनामे में शाहनवाज के पिता का नाम सज्जाद शेख अंकित है। इसके अलावा दावा है कि हाजी लालू ने 2006 में सामान्य जाति के रूप में नगर पालिका चुनाव के लिए नामांकन किया था। शिकायत में यह भी कहा गया कि हाजी लालू का दसवीं पास का प्रमाणपत्र भी फर्जी है। वह पिकेट इंटर कॉलेज में आठवीं पास करने के बाद नवीं में फेल हो गए थे। इसमें भी उनकी जाति सामान्य दर्ज है। उनके तीन बच्चों के स्कूल में दर्ज विवरण में भी जाति सामान्य है। 2006 में शाहनवाज ने चुनाव लड़ते समय खुद को सामान्य बताते हुए निर्धारित राशि जमा की। अगर वह पिछड़ी जाति से थे तो पिछड़े वर्ग के लिए निर्धारित आधा शुल्क जमा करते। तहसील के कागजों में उनके दादा नन्हें का नाम भी सामान्य जाति में दर्ज है। इन शिकायतों पर हाजी लालू ने अपने जवाब में कहा है कि स्कूल सर्टिफिकेट में उनके बच्चों का धर्म इस्लाम दर्ज है और टीसी ओबीसी के रूप में जारी की गई है। 7 नवंबर 2011 को उनके भतीजे का जाति प्रमाणपत्र भी ओबीसी के रूप में जारी किया गया है। उन्होंने अपने पिता व दादा के नाम पर शेख लिखे होने की दलील पर हाईकोर्ट के एक आदेश का हवाला देते हुए कहा है कि शेख कोई जाति सूचक शब्द नहीं है और यह केवल सम्मान के लिए प्रयोग किया जाता है। 2012 के चुनाव को सामान्य जाति के रूप में लड़े जाने पर लालू की दलील है कि उस समय सीट आरक्षित नहीं थी और उनके पास तत्काल प्रमाणपत्र ना होने के कारण उन्होंने सामान्य रूप से यह चुनाव लड़ा। उनका कहना है कि 2001 से पूर्व कलाल को ओबीसी के रूप में दर्ज नहीं किया गया था। ऐसे में इससे पूर्व वह सामान्य वर्ग में ही थी। मामले की जांच के लिए गठित समिति ने पाया कि हाजी लालू के बुजुर्गों के नाम के साथ कभी भी कलाल जाति का उल्लेख नहीं किया गया। राजस्व अभिलेखों में भी जाति शेख उल्लिखित है। पिकेट इंटर कॉलेज के प्रमाणपत्रों में धर्म इस्लाम लिखने के साथ जाति का कोई उल्लेख नहीं है। पत्नी के कलाल जाति से होने के सवाल पर जांच समिति ने कहा है कि उनके जाति प्रमाणपत्र का कोई समुचित आधार नहीं है और यह कि पत्नी की जाति कुछ भी हो सकती है, इससे व्यक्ति की जाति का पता नहीं चलता। जांच समिति न शाहनवाज की सफाई को रद्द करते हुए उनके व उनके परिजनों के प्रमाणपत्रों को कपट पूर्ण तरीके से बनवाया बताते हुए डीएम से कार्रवाई की अपील की। इस आधार पर डीएम ने उक्त प्रमाणपत्र निरस्त कर दिया।

## लालू मामले में अब कोर्ट पर नजर....

**मुजफ्फरनगर, 10 जून (बु.)। खतौली नगर पालिका में हाल में निर्वाचित रालोद के चेयरमैन हाजी शाहनवाज के मामले में जिला प्रशासन द्वारा उनका जाति प्रमाणपत्र रद्द किए जाने के बाद अब कोर्ट के फैसले पर सबकी निगाह रहेगी। कृष्णपाल की ओर से अपर जिला जज प्रथम के यहां इस मामले में वाद दायर किया था। इसे विचारार्थ स्वीकार करते हुए अदालत ने दो जुलाई को मामले में आगे सुनवाई की तारीख नियत की है। इस बीच इस बात को लेकर चर्चाएं हैं कि खतौली चेयरमैन का चुनाव रद्द होगा या कानूनी लड़ाई लंबी खिंचेगी।**


मुजफ्फरनगर राउण्ड टेबिल 346
ने आईटीसी सहारनपुर के सहयोग से
उच्च प्राथमिक विद्यालय जनक नगर कम्पोजिट
सहारनपुर के 78 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित भवन को
(08 क्लासरूम एवं 01 टायलेट ब्लॉक)
शिक्षा विभाग और छात्र-छात्राओं को किया समर्पित




श्रेय गोयल — चेयरमैन
अभिषेक पालीवाल — वाइस चेयरमैन
अंकित गुप्ता — सचिव
सौरभ अग्रवाल — कोषाध्यक्ष
अंकुर गोयल — आईपीसी
शिवांग कुच्छल — प्रोजेक्ट कोर्डिनेटर


## सड़क हादसे में हुई मजदूर की मौत

**बुढ़ाना, 10 जून (बु.)। ईंटों के एक भट्टे पर मजदूरी करने के बाद थोड़ी देर आराम करने के उद्देश्य से घर खाना खाने जा रहे साइकिल सवार एक मजदूर की कार की टक्कर लगने से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम भेजकर कार चालक की तलाश शुरू कर दी। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव इटावा निवासी लगभग 40 वर्षीय राम गोपाल पुत्र सुरजी गांव के बाहर स्थित ईंटों के एक भट्टे पर मजदूरी करता था। आज भी वह भट्टे पर मजदूरी करके थोड़ी देर आराम करने के उद्देश्य से खाना खाने के लिए अपनी साइकिल पर सवार होकर अपने घर जा रहा था, जब वह दोपहर लगभग डेढ़ बजे इटावा गांव के मेन गेट के पास मेरठ वाया करनाल हाइवे पर आया, तो पीछे से तेज रफ्तार एक क्रेटा कार के चालक ने कार की जोरदार टक्कर रामगोपाल को मार दी और फरार हो गया। उधर कार की टक्कर लगते ही मजदूर रामगोपाल ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। किसी की सूचना पर बायवाला पुलिस चौकी पर तैनात पुलिसकर्मी तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना में भेजकर शिनाख्त के बाद परिजनों को घटना की सूचना दी, तो परिजन रोते बिलखते हस्पताल में आए। उधर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हाउस भेजकर कार चालक की तलाश शुरू कर दी है।**

## पेपर मिल में हुए हादसे में कर्मचारी की मौत

**मुजफ्फरनगर, 10 जून (बु.)।** जानसठ रोड स्थित पेपर मिल में हुए हादसे में एक कर्मचारी की मौत हो गई। घायल को उपचार के लिये जिला अस्पताल लाया गया था, जहां उसकी मौत हो गई। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पुलिस ने कार्यवाही शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि सिखेड़ा क्षेत्र में जानसठ रोड पर शक्ति क्राफ्ट पेपर मिल है। उक्त मिल में अलीगढ़ निवासी 45 वर्षीय बुद्धन सिंह पुत्र गजराज सिंह कार्य करता था। आज पेपर मिल में हुए हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिये जिला अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रशासन ने शव को मुर्दाघर में रखवाकर मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस ने कार्यवाही शुरू कर दी है।

## चूहे मारने की दवा के सेवन से विवाहिता की मौत

**चरथावल, 10 जून (बु.)। कस्बे में जहरीले पदार्थ के सेवन से विवाहिता का मौत हो गई। पुलिस ने मृत्यु के कारणों के जानने के लिए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कस्बे के रोहाना मार्ग की निवासी वासिद की पत्नी समीना खातून (35) ने घरेलू विवाद को लेकर चूहे मारने की दवाई का सेवन कर लिया था। हालत गंभीर होने पर जिला मुख्यालय पर उसका इलाज कराया गया, लेकिन उपचार के दौरान के महिला की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचायतनामा भर कर पोस्टमार्टम कराया है। थाना प्रभारी राकेश शर्मा ने बताया घटना संदिग्ध है। मृतका के मायके वालों की तरफ से तहरीर प्राप्त होने अगली कार्रवाई की जाएगी। मृतका का चरथावल में दूसरा निकाह था। उसके दो बच्चें है और पति मजदूरी करता है।**







शुकतीर्थ में विकास कार्यों की घोषणा के लिए पहुंचे पर्यटन मंत्री तथा इस अवसर पर गंगा मां की पूजा अर्चना भी की गयी।





## तीर्थ नगरी शुकतीर्थ को हैलीपेड सेवा से जोड़ा जायेगा: जयवीर सिंह

**▶ शुकतीर्थ में 32 करोड़ से विकास कार्य कराये जाने की पर्यटन मंत्री ने की घोषणा ▶ नौ करोड़ रुपये से होगा गंगा घाट का उच्चीकरण और सौन्दर्यकरण ▶ 13 करोड़ रुपये से आधुनिक सुविधा, साज सज्जा पर खर्च किये जायेंगे तीन करोड़, पुराने गेस्ट हाउस के जीर्णोद्धार पर खर्च होंगे एक करोड़ ▶ एक करोड़ रुपये का बजट अतिशय क्षेत्र वहलना मंदिर के विकास के लिए दिए गये ▶ राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने शुकतीर्थ विकास परिषद् गठित करने की मांग दोहरायी**

**शुकतीर्थ/भोपा, 10 जून (बु.)।** सूबे के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने शुकतीर्थ के विकास के लिए 32 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का आज शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि शुकतीर्थ को हेलीपेड की सेवा से भी जोड़ा जायेगा, ताकि देशभर के लोग इस तीर्थनगरी के दर्शन आसानी से कर पायें। भागीरथी सरिता नामक पुस्तक का विमोचन किया गया व गंगा सेवा समिति के नवनिर्मित भागवत कथा भवन का लोकार्पण किया गया। इस दौरान राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने शुकतीर्थ विकास परिषद् के गठन की मांग भी दोहरायी।

पौराणिक तीर्थ नगरी शुकतीर्थ में श्री गंगा सेवा समिति की रजत जयंती को धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस अवसर पर अनेक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। शनिवार को कार्यक्रम में पहुँचे पर्यटन मन्त्री जयवीर सिंह ने 32 करोड़ के विकास कार्यों की घोषणा की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां गंगा की पूजा के उपरांत किया गया। मुख्य अथिति उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति मन्त्री जयवीर सिंह का गंगा घाट पर मंत्रोच्चारण के बीच भव्य स्वागत किया गया। साथ ही मन्त्री द्वारा शुकतीर्थ में 13 करोड़ रुपये की लागत से श्रद्धालुओं के लिये विभिन्न आधुनिक सुविधाएं, 3 करोड़ से साज सज्जा पेंटिंग कला कृतियों से सजावट आदि कार्य, 1 करोड़ से पर्यटन विभाग के पुराने गेस्ट हाउस का जीर्णोद्धार 9 करोड़ से घाट को ऊँचा करने व सौन्दर्यकरण, 1 करोड़ रुपये पर्यटन सूचना केन्द्र की स्थापना व 1 करोड़ रुपये वहलना जैन अतिशय क्षेत्र के विकास के लिये घोषणा की गयी। पर्यटन एवं संस्कृति मन्त्री जयवीर सिंह ने कहा कि शुकतीर्थ को हेलिपेड व्यवस्था से जोड़ा जाएगा, जिससे पूरे प्रदेश के धार्मिक स्थलों का भ्रमण श्रद्धालु कर सकेंगे। प्रदेश के मुख्यमंत्री प्रदेश में सनातन संस्कृति के संवर्द्धन, प्राचीन सनातन संस्कृति का वातावरण बनाने के प्रयास लगातार जारी हैं। प्रदेश में अपनापन महसूस हो ऐसे प्रयासों में सफलता मिली है। अपनी विरासत को संजोने का कार्य पर्यटन विभाग द्वारा किया जा रहा है। मन्त्री कपिलदेव अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल ने शुकतीर्थ की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए शुकतीर्थ विकास परिषद के गठन की माँग की व शुकतीर्थ को पर्यटन क्षेत्र घोषित करने की मांग करते हुए 32 करोड़ की विकास योजनाओं के लिये सरकार का आभार जताया। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला, पूर्व विधायक अशोक कंसल, ब्लॉक प्रमुख अनिल राठी, अमित चौधरी, अमित राठी, रामकुमार शर्मा, पंकज माहेश्वरी, मण्डल अध्यक्ष वीरपाल सहरावत, अजय कृष्ण शास्त्री, देवेन्द्र चेयरमैन, हरपाल महकार, गंगा सेवा समिति अध्यक्ष सतीश गोयल, महामंत्री महकार सिंह, कपिल गर्ग, कैलाश चंद ज्ञानी, कार्यक्रम संयोजक अरुण गर्ग, देवेंद्र आर्य मदनपाल एडवोकेट, आचार्य प्रेम शंकर मिश्रा, आचार्य इन्द्रपाल, रविन्द्र सिंह, प्रकाशवीर सिंह, राजकुमार राठी, प्रदीप निर्वाल, संजीव कुमार, राकेश बिन्दल, अशोक कुमार, हर्षवर्धन मित्तल, योगेन्द्र मित्तल, राजेश गोयल, आकाश कुमार, सौरभ स्वरुप, विकास गोयल, वैभव गोयल, मनीष तायल, अचिंत मित्तल, लल्लन यादव, सी ए अजय अग्रवाल, महेन्द्र यादव, विकास शर्मा, विनोद शर्मा, ग्राम प्रधान राजपाल सैनी, भाजपा जिला मन्त्री रेणु गर्ग आदि उपस्थित रहे।

## शुकतीर्थ का जीर्णोद्धार शिक्षा ऋषि का अतुलनीय सेवाकर्म: जयवीर सिंह

### स्वामी कल्याणदेव भारत की संत परम्परा की दिव्य विभूति: पर्यटन मंत्री

भोपा, 10 जून (बु.)। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ठाकुर जयवीर सिंह ने कहा कि वीतराग स्वामी कल्याणदेव भारत की सनातन परंपरा की दिव्य विभूति थे। शुकतीर्थ के विकास से जुड़े शिक्षाऋषि के सपनों को सरकार संकल्प से पूरा करेगी। भागवत पीठ श्री शुकदेव आश्रम, शुकतीर्थ में पधारे पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने सर्वप्रथम शुकतीर्थ के जीर्णोद्धारक, शिक्षाऋषि वीतराग स्वामी कल्याणदेव जी महाराज की समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। तत्पश्चात भागवत कथा के साक्षी सिद्ध अक्षय वट की परिक्रमा और श्री शुकदेव मंदिर में दर्शन एवं पूजन किया। इसके बाद उन्होंने स्वामी जी के संग्रहालय का अवलोकन किया तथा भागवत पीठ पीठाधीश्वर स्वामी ओमानन्द महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। पर्यटन मंत्री सिंह ने कहा कि महाभारतकालीन शुकतीर्थ का जीर्णोद्धार वीतराग संत का अतुलनीय सेवा कर्म है। भागवत पीठ शुकतीर्थ से सम्पूर्ण मानव जाति के कल्याण का मार्ग प्रशस्त होता है। शिक्षा ऋषि का जीवन वंदनीय है और प्रेरक है। सरकार शुकतीर्थ के विकास को संकल्पित है। स्वामी ओमानन्द महाराज ने मंत्री को माला, पटका पहनाकर शुकतीर्थ साहित्य एवं प्रसाद भेंट किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ वीरपाल निर्वाल, कथाव्यास अचल कृष्ण शास्त्री, ट्रस्टी ओमदत्त देव, दीपक मिश्रा आदि मौजूद रहे।


SKB AAROGYAM
Multi Speciality Healthcare (Hospital)

24/7 इमरजेंसी सुविधा



**डॉ. अमित वधावन**
M.B.B.S., D.C.H., F.N.N.F.
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ

- ✔ वेंटीलेटर केयर
- ✔ सी पेप
- ✔ जन्म के समय न रोना
- ✔ कम वजन वाले बच्चों की देखभाल
- ✔ फोटोथैरेपी सुविधा
- ✔ टीकाकरण
- ✔ बच्चों में बुखार, दस्त, निमोनिया, एलर्जी, पीलिया आदि।
- ✔ नवजात एवं बच्चों की ओ.पी.डी.
- ✔ बच्चों की फीजियोथैरेपी की सुविधा



कृपया नाम लिखवाकर ही आयें।

-: OPD : -
प्रातः 11 से सायं 5 बजे तक

प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत चयनित सेवाएँ एवं प्रमुख टी.पी.ए. द्वारा कैशलेस इलाज की सुविधा

**श्रीमती (डॉ.) एस. गुप्ता**
M.B.B.S., D.G.O.
Obstetrics & Gyanecology

**डॉ. दीपिका नेगी**
M.B.B.S., M.S.
Obstetrics & Gyanecology

- ✔ हाई रिस्क प्रेगनेंसी (गर्भावस्था)
- ✔ सिजेरियन व हाई रिस्क प्रसव
- ✔ महावारी की अनियमित्ता
- ✔ बच्चेदानी का ऑपरेशन
- ✔ बार-बार गर्भपात होना
- ✔ सफेद पानी (ल्यूकोरिया) आना
- ✔ बच्चेदानी का ऑपरेशन
- ✔ पेशाब में बदबू व जलन
- ✔ मोनोपोज की समस्या व पी.सी.ओ.डी.
- ✔ छाती की गांठ की स्क्रीनिंग
- ✔ लैप्रोस्कोपिक प्रोसिजर्स
- ✔ सर्वाइकल कैंसर की जाँच व इलाज
- ✔ दूरबीन द्वारा नसबंदी का ऑपरेशन

-: OPD : -
सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक
सायं 3 से 7 बजे तक
सोमवार से शनिवार

निकट स्टेपिंग स्टोन्स स्कूल, जानसठ रोड, मुजफ्फरनगर
7300740070, 7300740072, 8791857001

# सौरम की चौपाल से शुकतीर्थ तक लहरायेगा योग का परचम

## 8वां विश्व योग दिवस... बोले मंत्री कपिल देव अग्रवाल-पीएम मोदी के कारण आज दुनिया के 177 देश जान चुके योग का महत्व, अब जिले को बनायेंगे नम्बर वन

**मुजफ्फरनगर, 10 जून (बु.)।** हर घर एवं आंगन में योग पहुंचाने के पवित्र लक्ष्य के साथ प्रदेश के व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने डीएम के साथ में शनिवार को योगाचार्यो के साथ विचार-विमर्श कर 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस वृहद स्तर पर मनाने की घोषणा की। जिला पंचायत सभागार में शनिवार को हर घर-आंगन योग कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि दुनिया के 177 देश योग की अहमियत को जान चुके हैं। वहीं भारत समेत अधिकतर देशों में शरीर को स्वस्थ एवं रोग रहित रखने के लिए योग का सहारा लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर देश में योग के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

जिला पंचायत सभागार में संपन्न हुई बैठक में योगा दिवस पर क्षेत्रीय यूनानी एवं आयुर्वेदिक विभाग ने बताया कि शासन के निर्देशों के तहत योगा सप्ताह15 जून से 21 जून तक प्रातः 6 से 8 बजे तक एवं अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को जिला स्तर पर आयोजन किया जाएगा, जिसमें बेसिक शिक्षा, स्वास्थ्य विभाग, विकास विभाग, पंचायत विभाग, जिला कार्यक्रम, कृषि आदि विभाग भी प्रतिभाग करेंगे। समीक्षा बैठक में डीएम अरविन्द मल्लप्पा बंगारी ने स्पष्ट कहा कि कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि 15 जून को योग दिवस का वृहद उद्घाटन जनपद, तहसील, ब्लॉक, पंचायत स्तर पर जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में सामूहिक योग कार्यक्रमों के साथ किया जाएगा। वहीं योगाभ्यास के लिए जिले के प्राचीन सांस्कृतिक पर्यटन स्थल, ऐतिहासिक महत्व के स्थान, प्रमुख नदियों, झीलों, तालाबों, अमृत सरोवरों के किनारे एवं प्रमुख नैसर्गिक सौन्दर्य से परिपूर्ण स्थलों को पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चयन में प्रमुखता दिए जाने के निर्देश दिए। जिले के सामुदायिक, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर, आयुष हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, एकीकृत आयुष अस्पताल एवं अन्य आयुष चिकित्सालयों को कार्यक्रम से जोड़े जाने के निर्देश दिए। योगाभ्यासियों से अपने घर के सदस्यों एवं अन्य को भी योग करने हेतु प्रेरित किए जाने की बात की। उन्होंने कहा कि 21 जून से 1 दिन पूर्व सभी विद्यालय खोले जाएं तथा उन्हें साफ सफाई कराते हुए वहां 21 जून को वृहद कार्यक्रम आयोजित किया जाए। इस मौके पर सीडीओ संदीप भागिया, सीएमओ डॉ. एमएस फौजदार, जिला विकास अधिकारी समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।





**हर घर-आंगन योग की अब अलख जगाने की तैयारी को जिला प्रशासन ने किया तेज, 15 में योगा दिवस और 21 जून को मनाया जायेगा विश्व योग दिवस**

**राज्यमंत्री कपिल देव ने जिला स्तरीय बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश**

## तारीख गवाह है

### आज का इतिहास

**157 वर्ष पूर्व इलाहाबाद उच्च न्यायालय की स्थापना की गई**



**नई दिल्ली, 10 जून (वार्ता)।** भारतीय एवं विश्व इतिहास में 11 जून की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैं:- 1770-कैप्टन जेम्स कूक ने ऑस्ट्रेलिया के ग्रेट बैरियर रीफ की खोज की। 1776-अमेरिका की स्वतंत्रता का घोषणा पत्र तैयार करने के लिए समिति बनाई गई। 1866-इलाहाबाद उच्च न्यायालय की स्थापना हुई। इसे पहले आगरा उच्च न्यायालय के नाम से जाना जाता था। 1901-न्यूजीलैंड ने क्रुक द्वीप पर कब्जा किया। 1921-ब्राजील में महिलाओं को चुनाव में मतदान का अधिकार प्रदान किया गया। 1935-एडविन आर्मस्ट्रांग ने पहली बार एफएम का प्रसारण किया। 1940-इटली के जेनेवा तोरन पर ब्रिटेन ने बमबारी की। 1947-अमेरिका में द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान पूरी तरह से चीनी की रसद खत्म हुई। 1948-भारतीय राजनितिज एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव का जन्म। 1955-पहले मैग्निशियम जैट हवाई जहाज ने उड़ान भरी। 1964-प्रथम भारतीय प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की इच्छानुसार उनकी अस्थियों की भस्म पूरे देश में बिखेरी गई। 1987-ब्रिटेन में पहली बार अश्वेत समुदाय के एबट, पॉल बोटेग और बर्नी को सांसद चुना गया। 1997-लम्बी दूरी के भारत के प्रसिद्ध तैराक मिहिर सेन का निधन। 1999-वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के पूर्व ऑफ स्पिनर सकलेन मुश्ताक ने जिम्बाब्वे के खिलाफ हैट्रिक लगाई। 2003-कोर्निकोवा महिला टेनिस की सबसे सुन्दर खिलाड़ी घोषित किया।

## बी.फार्मा का परीक्षाफल हुआ घोषित, लड़कियां रहीं अव्वल




**मुजफ्फरनगर, 10 जून (बु.)।** भोपा रोड स्थित एस. डी. कालेज ऑफ फार्मेसी एण्ड वोकेश्नल स्टडीज में बी. फार्मा चतुर्थ व तृतीय वर्ष के छात्रों का परीक्षाफल घोषित हुआ, जिसमें टॉप लिस्ट में लड़कियां छायी रहीं। श्रेष्ठता सूचि के आधार पर टॉपर्स छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

डा.ए.पी.जे. अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ ने परीक्षा परिणाम घोषित किया। बी.फार्मा चतुर्थ वर्ष की वैष्णवी पाण्डेय 82.85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रही, वहीं सुप्रिया गर्ग ने 82.42 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय एवं पूजा रानी व मेघा त्यागी ने 82 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर बाजी मारी। बी.फार्मा तृतीय वर्ष के अब्दुल अहद 82.13 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, लवलीन ने 81.46 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय एवं हर्ष कुमार ने 81.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पाया। कॉलेज निदेशक डा. अरविन्द कुमार ने छात्र-छात्राओं को उनके परीक्षाफल पर बधाई देते हुए कहा कि यह परीक्षा परिणाम छात्रों की कौशलता को प्रदर्शित करता है। सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी। संस्थान के सभी पदाधिकारीगण डॉ. विमल कुमार भारती, डॉ. भुवनेन्द्र सिंह, पोपिन कुमार, पल्लवी, राबिया परवीन, हरेन्द्र सिंह, संजीव रतन तिवारी, शफाकत जैदी, कुलदीप सैनी, अर्शी, रवि कुमार, अनुराग, सुबोध कुमार, विकास कुमार, रोहित, विनय, अतुल गुप्ता, सना जैदी, सोनू, आरिफ, राहुल कुमार, अक्षय वर्मा, वरूण, अश्वनी, सचिन ने छात्रों को बधाई दी।

**भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन में बोले-केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. संजीव बालियान**

## हमारी सरकार में फुंका टांसफार्मर अगले ही दिन बदला जाता है

**कहा-भैंसाना शुगर मिल से किसानों का पेमेंट दिलवाना मेरी विशेष प्राथमिकता**

**बुढ़ाना, 10 जून (बु.)।** केंद्रीय मंत्री डॉक्टर संजीव बालियान ने कहा कि कांग्रेस या सपा की सरकारों में जब कोई विद्युत ट्रांसफार्मर फुंक जाता था, तो वह कई कई हफ्तों में बदला जाता था, मगर हमारी सरकार में फुंका ट्रांसफार्मर 24 घंटे के भीतर बदल दिया जाता है। श्री बालियान शनिवार के दिन कस्बे के एक बेंकट हाल में भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि जनपद मुजफ्फरनगर में लगभग ढ़ाई सौ बीघा जमीन में सबसे बड़ी गौशाला का निर्माण हो रहा है। जल्द ही आवारा पशुओं से सभी भाईयों को छुटकारा मिलेगा। उन्होंने बताया कि खतौली की एक सड़क जो अपनी बदहाली पर आंसू बहा रही थी। उसका निर्माण भी मेरे द्वारा हुआ और आने जाने वालों को राहत प्रदान की। अब भसाना शुगर मिल से किसानों का पेमेंट दिलवाना उनकी पहली प्राथमिकता है।




उन्होंने यह भी कहा कि पहले लोग अपने साथ मोटी रकम लेकर चलते थे, तो घबराहट होती थी, लेकिन आज आधी रात को भी आप बैखौफ हाथ में रकम लेकर पूरे प्रदेश में कहीं भी आ जा सकते हैं। सम्मेलन के मुख्य अतिथि बिहार राज्य के सांसद वीके ठाकुर ने कहा कि बीजेपी सबका विकास करने वाली पार्टी है। मोदी के नेतृत्व में भाजपा बहुत अच्छा कार्य कर रही है और वर्ष 2024 का लोकसभा चुनाव भी हम निश्चित जीत जाएंगे। भाजपा महिला मोर्चा मंडल बुढ़ाना की अध्यक्षा श्रीमती नीलू शर्मा ने कहा कि इस सरकार में महिलाओं का अपमान नहीं होता है। सभी सुरक्षित हैं। सम्मेलन को भाजपा जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला, रामकुमार सहरावत, पूर्व चेयरमैन प्रवेश सैनी, रामनाथ सिंह, भूमि विकास बैंक बुढ़ाना चेयरमैन विनोद सैनी, मंडल अध्यक्ष मुकेश शर्मा, पूर्व सभासद मुकेश शर्मा, पुष्पेन्द्र सिंह, सुधीर सैनी, अश्वनी, ललिता मंडल अध्यक्ष, सुरेंद्र सिंह, प्रदीप गुर्जर, शाहिद बालियान तथा आंगनबाड़ी केन्द्रों की कर्मियों ने भी भाग लिया। संचालन ठा. रामनाथ सिंह ने किया।

## डीएम और एसएसपी ने समाधान दिवस में समस्या सुन किया निदान

**मुजफ्फरनगर, 10 जून (बु.)।** शासन के निर्देशों के क्रम में डीएम अरविंद मल्लप्पा बंगारी एवं एसएसपी संजीव सुमन द्वारा शनिवार को थाना नई मण्डी व थाना सिविल लाईन पर समाधान दिवस का आयोजन किया गया। अधिकारियों ने जनता की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनने के साथ ही उनके त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण को सम्बन्धित राजस्व व पुलिस विभाग के अधिकारियों को मौके पर जाकर शत प्रतिशत निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस दौरान थानों में पांच शिकायतें मिलीं, जिनका निस्तारण कराया। समस्त अधिकारियों-कर्मचारियों को इस दौरान डीएम-एसएसपी ने निर्देशित किया कि समाधान दिवस में आई हुई सभी शिकायतों की मौके पर जाकर निष्पक्ष जांच करने के साथ समयावधि में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। उन्होंने कहा कि महिला अपराध संबंधी शिकायतों की जांच प्राथमिकता के आधार पर की जाए। इसके अतिरिक्त समाधान दिवस में उपस्थित सभी अधिकारी-कर्मचारियों ने यहां पर आने वाले शिकायतकर्ताओं को साइबर अपराध एवं साइबर ठगी के संबंध में भी जागरूक किए जाने के साथ साइबर अपराध से बचने के उपायों के बारे में भी विस्तार से बताया। एसपी यातायात कुलदीप सिंह समेत राजस्व व पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## जेल से आए प्रेमी संग शादी की जिद पर अड़ी प्रेमिका

**मीरापुर, 10 जून (बु.)।** जेल से छूटकर घर आये प्रेमी युवक से शादी करने की जिद पर अड़ी प्रेमिका ने हंगामा कर दिया। हंगामे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती का अपने गांव के ही एक युवक से लंबे समय से प्रेम-प्रसंग चल रहा है तथा करीब डेढ़ वर्ष पूर्व युवक अपनी नाबालिक प्रेमिका को लेकर फरार हो गया था, जिसके बाद युवती के पिता ने प्रेमी युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था, जिसके चलते युवक को जेल जाना पड़ा था तथा इस मामले में प्रेमी युवक तभी से जेल में बंद था तथा दो दिन पूर्व ही प्रेमी युवक जमानत होने के बाद जेल से छूटकर अपने घर आया है। जैसे ही प्रेमिका युवती को इसकी जानकारी लगी, तो वह अपने प्रेमी से शादी करने की जिद पर अड़ गई। परिजनों ने युवती को उसकी शादी किसी दूसरे युवक से कराने की बात कहते हुए समझाने का प्रयास किया, किन्तु युवती ने दूसरे युवक से शादी करने से इन्कार करते हुए अपने प्रेमी से ही शादी करने की जिद पर अड़ गई और घर में शादी की बात को लेकर हंगामा मचा दिया, जिस पर मौके पर भीड़ जमा हो गई, तो किसी ने पुलिस को इसकी सूचना दे दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई तथा युवती को बामुश्किल समझा बुझाकर शांत किया। मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

### सर्राफा बाजार

**मुजफ्फरनगर, 10 जून, (बु.)। सोना-चांदी के भाव इस प्रकार रहे:-**

सोना- 61,300 चांदी-67,400
सिक्का- 850 गिन्नी- 46,000

### मुजफ्फरनगर मंडी

**मुजफ्फरनगर, 10 जून, (बु.)।**
मुजफ्फरनगर मंडी में गुड़-शक्कर के भाव इस प्रकार रहे:- रसकट ढैया-1100, चाकू 1450-1470, लड्डू 1500-1521, खुरपापाड़ 1400-1450, शक्कर मसाला 1580, आमद-1200 मन।

### आपका आज का राशिफल

**रविवार, 11 जून, 2023**

**मेष-** व्यापारिक वातावरण मनोनुकूल, परिजनों से अपेक्षित सहयोग, कर्ज की निवृत्ति, स्वयं का निर्णय लाभप्रद, शत्रु परास्त, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ।
**वृषभ-** ग्रहयोग बेहतर, आर्थिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त, मित्रों-परिजनों के माध्यम से बकाए धन की प्राप्ति, मंगल आयोजन सम्पादित, उल्लास का वातावरण, यात्रा-प्रसंग।
**मिथुन-** दिनचर्या व्यवस्थित, आपसी गलतफहमी दूर होने को, वैवाहिक अड़चनें समाप्त, कार्यक्षमता में वृद्धि, व्यावसायिक सफलता का मार्ग प्रशस्त, ज्ञान-विज्ञान में रुचि।
**कर्क-** वैचारिक अस्थिरता, स्वयं की प्रतिभा का उपयोग करने से वंचित, सलाह अमान्य, दाम्पत्य जीवन असंतोषजनक, सुख का अभाव।
**सिंह-** लाभ का सुअवसर, आपसी संबंधों में मधुरता, अपने स्तर को बनाए रखने के लिए व्यय, मनो-विनोद के साधन सुलभ, दायित्व की पूर्ति का प्रयास, हर्ष भी।
**कन्या-** सामयिक सिद्धि का प्रयास सार्थक, कठिनाइयों का समापन, पठन-पाठन में अभिरुचि, परिवार में सुख-शांति, लाभ का सुयोग।
**तुला-** नवउत्तरदायित्व की पूर्ति, आर्थिक पक्ष में सफलता, शत्रु परास्त, दर्शनीय स्थलों की यात्रा का प्रसंग, सुख के साधन उपलब्ध, सुसंदेश की प्राप्ति, आत्मिक शांति।
**वृश्चिक-** आत्मविश्वास में कमी, व्यावसायिक असफलता, परिवार में तनाव, स्वजनों से अनबन, धन की क्षति, यात्रा में निराशा।
**धनु-** दिन बेहतर, उलझनों में कमी, नौकरी में पदोन्नति, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ, धन संचय की ओर प्रवृत्ति, सम्मान में वृद्धि, खुशी भी।
**मकर-** निराशा का समापन, प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता, सुख के साधन सुलभ, धार्मिक गतिविधियों में अभिरुचि, नवसमाचार की प्राप्ति।
**कुम्भ-** अभीष्ट कार्यों में सफलता का सुयोग, पारिवारिक हर्षोल्लास, सामाजिक प्रतिष्ठा वृद्धि, इच्छाशक्ति जागृत, विवाद का समापन।
**मीन-** प्रियजनों से मतभेद, वैवाहिक जीवन में आपसी मतभेद, व्यक्तिगत समस्याएँ, ताल-मेल का अभाव, भौतिक सुख के साधन में कमी।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाउन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

Transform your DREAMS into REALITY @
Shri Ram Group of Colleges
Approved by UGC, AICTE, COA, NCTE, PCI & BCI
Affiliated to AKTU and BTEUP, Lucknow, MS University, Saharanpur & SCERT, Lucknow
Admission/ Registration Open
Ranked among the Top 25 NAAC Accredited Colleges in India
A++ NAAC
Call @ Engg- 9927079966, 7088013180 Arch- 9917111139, Poly- 9837755504, 9917116655, Mgmt.- 9917160786, Law- 9927227744, HSc- 8800538281 Fine Arts- 9719402220, Pharmacy- 9919966070, Other Courses- 9358348700
BTech | Polytechnic | BArch | MBA | MCA
BPharm | DPharm | MEd | BEd | DElEd | MPEd
Sunday Open
BPEd | BPES | MCom | MSc (Maths, Chemistry, Biotech, Microbiology, Comp Sc) | MSc-Home Sc (F&N, C&T, Home Mgmt)
MSc-Agriculture (Agronomy, Agricultural Chemistry & Soil Science)
MFA (Fashion Design, Applid Arts, Textile Design, Drg & Painting)
MAJMC | BBA | BCA | Bcom | BAJMC | BFA | LLB
BALLB | BComLLB | BVoc (Yoga) | BSc (Biotechnology, Microbiology, Home Science, Agriculture) | BSc (PCM, CBZ)
ITI (Electrician, Fitter, Turner, Machinist, Welder, COPA,* HSI,* FDT*)
* Affiliation Under Process
Scholarships more than ₹ 10 Crore
संस्थान में माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय से सम्बद्ध पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन की सुविधा उपलब्ध
रजिस्ट्रेशन फीस एवं ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन सर्विस ► फ्री
कॉलेज कोड: 270004
डी.एल.एड. 2023-25
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन प्रारम्भ
अन्तिम तिथि: 27.06.2023
महाविद्यालय में ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन की सुविधा उपलब्ध
सम्पर्क करें : 8755080904, 9411929266
Our University Toppers-2023 Our Prides



Campuses : Parikarma Marg/ Circular Road/ Roorkee Road, Muzaffarnagar
log on : www.srgcmzn.com e-mail : src_mzn@rediffmail.com

## एसडी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में ऑफ लाइन प्लेसमेंट ड्राईव में तीन छात्रों का कंपनी में हुआ चयन



**मुजफ्फरनगर, 10 जून (बु.)।** जानसठ रोड़ स्थित एस. डी. कालेज ऑफ इन्जीनियरिंग एण्ड टैक्नोलोजी में डिप्लोमा पाठ्यक्रम के तीन छात्रों का चयन केएचवाई इलैक्ट्रोनिक्स इण्डिया प्राइवेट लिमिटेड, नोयडा द्वारा आयोजित ऑफ लाइन कैम्पस प्लेसमेन्ट के माध्यम से हुआ, जिसमें पश्चिम क्षेत्र के लगभग सभी पॉलिटैक्निक संस्थानों के छात्र/छात्राओं ने प्रतिभाग किया। साक्षात्कार में तीन छात्र शामिल रहे। जिनका चयन किया गया। यह कम्पनी मोबाइल फोन, सेट टॉप बॉक्स, आईओटी मॉडयूल, एसी मॉडयूल तथा पहनने योग्य उत्पाद जैसे स्मार्ट वॉच, हैल्थ बैंड, नेक बैंड आदि का निर्माण करती है। चयनित छात्र शिवम पुन्डीर, सुमित कुमार तथा नमन कुमार सभी इलैक्ट्रिकल इजी. ब्रांच के विद्यार्थी हैं। संस्थान के सचिव अनुभव कुमार ने प्लेसमेंट ड्राईव पर कंपनी का आभार जताते हुए बताया कि चयनित छात्रों की जुलाइ में ज्वाईनिंग है।

## किशोरी को ले गया गांव का युवक

**छपार, 10 जून (बु.)।** गांव निवासी युवक किशोरी को बहला फुसलाकर ले गया। नाबालिग के पिता ने पांच दिन बाद आरोपित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कराई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। शनिवार दोपहर थाने पहुंचे व्यक्ति ने बताया कि गांव निवासी युवक पांच दिन पूर्व पीड़ित की सौलह वर्षीया पुत्री को बहला फुसलाकर ले गया था। कई दिन तक रिश्तेदारों व अन्य जगहों पर तलाश करने के बाद भी किशोरी का कुछ पता नहीं चल पाया। पुलिस ने मामले में आरोपित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करते हुए कार्यवाही शुरू कर दी है।

## समस्याओं का कराया समाधान

**छपार, 10 जून (बु.)।** समाधान दिवस में आए पीड़ितों का समस्याओं का प्रभारी निरीक्षक अमरपाल शर्मा ने समाधान करा दिया। शनिवार को थाना परिसर में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें काफी संख्या में लेखपाल मौजूद रहे। क्षेत्र से भूमि विवाद से संबंधित छह प्रार्थना पत्र आए। दो विवादों का समाधान तत्काल थाना पुलिस व राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर जाकर करवा दिया। बाकी समस्याओं का समाधान भी कोतवाल ने मौके पर करा दिया। समाधान दिवस के दौरान सियानंद, नवीन गौतम, वितेश कुमार, सोमेश आर्य, बालकिशोर, रणधीर सिंह, प्रशांत कुमार आदि मौजूद रहे।

## शाहपुर में रोडवेज बस की टक्कर से कार सवार घायल

**शाहपुर, 10 जून (बु.)।** कस्बे की नवीन गुड़ मंडी स्थल के पास एक अनुबंधित रोडवेज बस ने एक कार में टक्कर मार दी, जिसमें एक युवक घायल हो गया। हादसे के कारण मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। लोगों ने शोर मचाया तो बस चालक ने बस को ब्रेक मारे, यदि बस तेज होती तो हादसा और भी गंभीर हो सकता था। कस्बे की ओर से कार में सवार होकर जा रहे दिल्ली निवासी अमरदीप जब मुजफ्फरनगर रोड स्थित नवीन गुड़ मंडी स्थल के पास पहुंचा, तो सामने से आ रही एक अनुबंधित रोडवेज बस में कार में टक्कर मार दी, जिससे कार क्षतिग्रस्त होने के साथ अमरदीप घायल हो गया। उधर से गुजर रहे राहगीरों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। अनुबंधित रोडवेज बस की टक्कर लगने के बाद बस चालक बस वहीं छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने बस को अपने कब्जे में ले लिया है। घायल के परिजनों ने पुलिस को चालक के खिलाफ तहरीर दी।

## वीडियो एडिटिंग-प्रिंट डिजाइन की कार्यशाला में दी जानकारी

**मुजफ्फरनगर, 10 जून (बु.)।** श्री राम कॉलेज के जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन डिपार्टमेंट द्वारा वीडियो एडिटिंग और प्रिंट डिजाइनिंग विषय पर दस दिवसीय निःशुल्क कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। कार्यशाला में एमजेएमसी अंतिम वर्ष के फैसल खान एवं बीजेएमसी अंतिम वर्ष के नीरज कुमार तथा मोहम्मद दानिश ने जेएमसी के विद्यार्थियों को कार्यशाला में प्रिंट मीडिया डिजाइनिंग एवं वीडियो एडिटिंग के गुर सिखाए एवं स्किल डेवलपमेंट के विषय में जागरूक किया।

जर्नलिज्म एवं मास कम्युनिकेशन के विभागाध्यक्ष रवि गौतम ने कार्यशाला के विषय पर जानकारी देते हुए बताया कि कार्यशाला का पहला उद्देश्य बीजेएमसी एवं एमजेएमसी के विद्यार्थियों के स्किल डेवलप कर उनको रोजगार योग्य बनाना है। उन्होंने कहा कि इस वर्कशॉप का दूसरा उद्देश्य अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के अंदर सीखने और सिखाने की कला को विकसित कर उनके आत्मविश्वास में वृद्धि करने के साथ ही उनके अंदर नेतृत्व कौशल विकसित करना रहा। उन्होंने बताया कि कार्यशाला का तीसरा और महत्वपूर्ण उद्देश्य पत्रकारिता एवं जनसंचार के विद्यार्थियों को रोजगार परक शिक्षा के महत्व के विषय में जागरूक करना तथा मीडिया हाउस और प्रोफेशनल कल्चर को विकसित करने के संबंध में मानसिक क्षमता विकसित करना है। उन्होंने बताया कि वर्तमान दौर में मीडिया के क्षेत्र में विद्यार्थियों के लिए असीम अवसर हैं। इस अवसर पर पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग की प्रवक्ता शिवानी बर्मन, मयंक वर्मा तथा कहकशा मिर्जा आदि शिक्षकगण उपस्थित रहे।



मुजफ्फरनगर बुलेटिन



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्री उत्तम चन्द्र शर्मा ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
उप सम्पादक - श्रीमती पूजा दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail : muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com





1973-2023

सम्पादक की क़लम से

# भाजपा को नये मित्रों की चाह

अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा को नये मित्रों की चाह है। भाजपा की ओर से हो रहे कुछ ऐसे प्रयास यही संकेत कर रहे हैं। कर्नाटक की हार ने भाजपा को अपनी चुनावी रणनीति में परिवर्तन के लिए विवश किया है। भाजपा विपक्षी एकता के लिए चल रही बैठकों पर भी नजर रक्खे हुए है। 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने कांग्रेस को बुरी तरह हराकर बहुमत हासिल किया था, भाजपा की इस जीत का असर यह हुआ कि क्षेत्रीय पार्टियां प्रभावित होने लगीं। भाजपा ने अपनी ताकत बढ़ाने के लिए कोशिशें की, कई राज्यों में सहयोगी पार्टियों ने बीजेपी का साथ छोड़ दिया। अब बीजेपी पुराने मित्रों को साथ लेने के प्रयासों के साथ-साथ नये मित्रों की खोज भी कर रही है। 2024 लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी दल एकजुट होने लगे हैं। नये संसद भवन के उद्घाटन का एक साथ 19 पार्टियों ने विरोध किया था। केजरीवाल सरकार की ताकत कम करने वाले अध्यादेश के विरोध में भी एक दर्जन पार्टियां आम आदमी पार्टी के साथ हैं। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली में मुख्यमंत्रियों और उप मुख्यमंत्रियों के साथ 6 घंटे की बैठक की थी, मोदी ने पार्टी नेताओं से कहा था कि वह एनडीए में शामिल सहयोगी दलों को भरोसा दिलाएं कि भाजपा अपने साथियों को पूरा मौका और सम्मान देती है। बीजेपी का ध्यान हमेशा ही से क्षेत्रीय आकांक्षाओं पर केंद्रित रहा है और यह धारणा बिल्कुल नहीं होनी चाहिए कि वह क्षेत्रीय दलों के साथ सहज नहीं है। इससे संकेत मिलता है कि अब बीजेपी अपनी रणनीति बदल रही है। तमिलनाडु में एआईएडीएमके महाराष्ट्र में शिंदे की शिवसेना और हरियाणा में जननायक जनता पार्टी को छोड़कर, केंद्र में बीजेपी के पास कोई महत्वपूर्ण सहयोगी नहीं है, जो राज्य स्तर पर खास फर्क डाल सके। दक्षिण में अपना सबसे सुरक्षित किला कर्नाटक खोने के बाद भाजपा उन राज्यों के बारे में आशावादी नहीं हो सकती, जहां उसकी जड़े कमजोर हैं। इनमें से ज्यादातर दक्षिण और पूर्व के राज्य हैं। यहां पर कांग्रेस को हटाकर क्षेत्रीय ताकतें मजबूत हुई हैं और ये ही बीजेपी की राह में सबसे बड़ा रोड़ा हैं। नयी संसद के उद्घाटन का बहिष्कार जिन 19 पार्टियों ने किया उनमें जेडीयू और उद्धव ठाकरे की शिवसेना भी शामिल थी। ये दोनों पार्टियां 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा की सहयोगी रह चुकी हैं। 2019 में बीजेपी ने 303 सीटें जीतीं। वहीं सहयोगियों ने 50 सीटें। इनमें भी जेडीयू और शिवसेना ने अकेले 34 सीटें जीतीं। एक बड़ा हिस्सा इन दोनों पार्टियों ने जीता जो अब भाजपा के साथ नहीं है। 2014 के लोकसभा चुनाव के समय एनडीए में 26 पार्टियां थीं। भाजपा ने इस चुनाव में 282 सीटें जीतीं, जबकि सहयोगियों ने 54 सीटें जीती थीं। शिवसेना ने सबसे ज्यादा 18, टीडीपी ने 16, एलजेपी ने 6, अकाली दल ने 4, आरएलएसपी ने 3 और अन्य सीटें बाकी छोटे दलों ने जीतीं। इनमें से टीडीपी के साथ ही अकाली दल जैसी पार्टियां भी अब भाजपा की सहयोगी नहीं हैं। भाजपा गठबंधन ने 2014 के लोकसभा चुनाव में बिहार की 40 सीटों में से 31 सीटें जीती थीं, लेकिन 2019 में जेडीयू के साथ आने से यह संख्या 39 पहुंच गई थी।इसका अर्थ यह हुआ कि जेडीयू के आने से भाजपा को सीधे-सीधे 8 सीटों का फायदा हुआ। जेडीयू अब भाजपा अलग हो चुकी है। एलजेपी दो फाड़ हो चुकी है। ऐसे में यह सवाल है कि क्या एलजेपी के पशुपतिनाथ पारस अब रामविलास पासवान की जगह ले सकते हैं, पशुपतिनाथ पारस को रामविलास पासवान के बेटे चिराग पासवान भी चुनौती दे रहे हैं। ऐसे में 2024 के चुनाव में भाजपा को यहां पर नए सहयोगियों की जरूरत पड़ेगी। भाजपा, शिवसेना में भी दो फाड़ कर चुकी है। एक पार्टी के सर्वे में कहा जा रहा है कि इससे भाजपा को नुकसान उठाना पड़ सकता है। सर्वे में बताया गया है कि यदि राज्य में अभी विधानसभा चुनाव होते हैं, तो भाजपा सबसे बड़ी पार्टी रहेगी, लेकिन शिंदे की शिवसेना का प्रदर्शन कुछ खास नहीं होगा। आंध्रप्रदेश की कहानी भी मोड़ ले रही है। जगन मोहन रेड्डी की अगुआई वाली वाइएसआर कांग्रेस अब राज्य में कांग्रेस को उभरने नहीं दे रही है और भाजपा को पैर जमाने से भी रोके हुए है। भाजपा के लिए जगन ओडिशा के सीएम नवीन पटनायक जैसे हैं। जगन भी पूरी तरह से पटनायक के रास्ते पर चल रहे हैं। वह पटनायक की तरह ही भाजपा और कांग्रेस से समान दूरी बनाए हुए हैं। मिड पॉइंट पर खड़े रहकर पटनायक और जगन ने मोदी सरकार के साथ वर्किंग रिलेशन बनाए हैं। इससे उनके राज्यों को केंद्र की लगातार सहायता भी मिल रही है। भाजपा का सेंट्रल कमांड 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए जगन और पटनायक को जरूरतमंद दोस्त मान रहा है, उस वक्त ज्यादा सहयोगियों की जरूरत पड़ने पर ये काम आ सकते हैं। हालांकि आंध्र में भाजपा अभी असमंजस की स्थिति में है। ऐसे में यह सवाल यह है कि भाजपा, राज्य में किसके साथ जाना पसंद करेगी टीडीपी या वाइएसआर कांग्रेस। भाजपा के पास आंध्र में पवन कल्याण की जन सेना पार्टी जैसी सहयोगी भी है। 2019 के विधानसभा चुनाव में वाइएसआर कांग्रेस ने क्लीन स्वीप करते हुए 175 में से 151 सीट जीती थी। टीडीपी ने 23 और जन सेना को 1 सीट मिली, जबकि कांग्रेस और भाजपा को एक भी सीट नहीं मिली। वोट शेयर से पता चलता है कि टीडीपी को भले ही सीट कम मिली, लेकिन उसका वोट बैंक बहुत नहीं खिसका। इस दौरान वाईऐसआर कांग्रेस को 49.95 प्रतिशत और टीडीपी को 39.26 प्रतिशत वोट मिले। वहीं जन सेना को 5.53 प्रतिशत कांग्रेस को 1.17 प्रतिशत और भाजपा को 0.84 प्रतिशत वोट मिले थे। आंध्र प्रदेश भाजपा ,जगन की ईसाई धर्मांतरण नीति से भी असमंजस में है। इसकी वजह है बीजेपी धर्मांतरण को लेकर काफी सख्त नीति की बात करती है। वहीं 2019 के लोकसभा चुनावों में वाईऐसआर कांग्रेस ने 25 में से 22 सीटों पर जीत हासिल की थी। यहां तक कि पड़ौसी तेलंगाना में, जहां से बीजेपी को बड़ी उम्मीदें हैं, वहां पर 2018 के विधानसभा चुनाव में टीडीपी एक मामूली खिलाड़ी के रूप में सिमट गई और उसे सिर्फ 3.5 प्रतिशत वोट के साथ सिर्फ तीन सीटें मिलीं। ऐसे में तेलंगाना में भी टीडीपी को सहयोगी बनाने को लेकर मंथन चल रहा है। हालांकि, कर्नाटक विधानसभा चुनाव में हार के बाद भाजपा अब रिस्क लेने के मूड में नहीं है।

## चार तीर

-सुनील 'उत्सव'

"साहित्य" "प्रशस्ति" "गजल" "विधा"

नाम से साहित्य के अब नित नये धन्दे खुले,
धुर्तो ने दे 'प्रशस्ति' नाम, मैला कर दिया।
है गजल से शेर गायब और कहानी से कथा,
मूर्खों ने हर विधा पर यूँ नियंत्रण कर लिया।

# विधायक मदन भैया ने जन समस्याएं सुनी

**जानसठ, 10 जून (बु.)।** लोकदल के विधायक मदन भैया ने स्थानीय डाक बंगले पर क्षेत्र से आए लोगों की समस्याओं को सुना एवं उनका निराकरण कराया। संबंधित अधिकारियों को शिकायत के संबंध में निस्तारण करने के निर्देश दिए। शनिवार को खतौली विधायक मदन भैया जानसठ में स्थित डाक बंगले पर पहुंचे और वहां पहले से मौजूद क्षेत्र से आए लोगों ने विधायक मदन भैया का स्वागत किया। इस दौरान क्षेत्र से आए लोगों ने अपनी-अपनी जन समस्याएं विधायक के सामने रखी। विधायक मदन भैया ने समस्याओं से संबंधित विभागों के अधिकारियों को फोन कर समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान जानसठ नगर पंचायत चेयरमैन डॉ. आबिद हुसैन, हाजी आशु मलिक, आशु कुरेशी, अमित कुमार, भीम आर्मी से राहुल कुमार, जिला पंचायत सदस्य प्रदीप कसाना, अमित कुमार जमालपुर मुख्य रूप से मौजूद रहे। डाक बंगले पर तैनात चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी प्रदीप कुमार की भाभी की मौत होने पर उनके उनके परिजनों के बीच पहुंचकर परिजनों से मिले एवं उन्हें ढांढस बंधाया।



**विधायक मदन भैया बोले** खतौली से रालोद के विधायक मदन भैया ने बताया कि जनता की सेवा मेरे लिए सर्वोपरि है। शनिवार को खतौली में कैंप कार्यालय पर एवं रविवार को जानसठ डाक बंगले पर क्षेत्र की जनसमस्याओं के लिए मौजूद रहता हूं। उन्होंने कहा कि विधानसभा के प्रत्येक नागरिक की समस्या के समाधान के लिए हर समय सदैव तत्पर रहूंगा। जनता की सेवा करना मेरा सर्वोपरि कर्तव्य भी है।

# कलेक्ट्रेट पहुंची पुरकाजी क्षेत्र की महिलाएं, सौंपा शिकायती पत्र

**मुजफ्फरनगर, 10 जून (बु.)।** जिले के गांव शकरपुर की बुच्चा बस्ती निवासी ग्रामीणों ने शनिवार को डीएम कार्यालय में पहुंचकर विरोध प्रदर्शन करते हुए इस मामले में जांच कराने के साथ छेड़छाड़ के मामले में उनके निर्दोष बच्चे को राहत दिए जाने की मांग की। इस दौरान कलेक्ट्रेट पहुंचे ग्रामीणों ने पूर्व में दिए शिकायती पत्र के आधार पर छेड़छाड़ मामले की जांच कराए जाने की मांग की। शनिवार को डीएम कार्यालय पर पहुंचे पुरकाजी थाना क्षेत्र के ग्राम शकरपुर बुच्चा बस्ती निवासी अमन, मनीष, सौरभ, सन्नी, सचिन व विनीत आदि का गांव के ही विक्की व करतार के साथ गर्मी में टयूबवैल पर नहाते हुए कहासुनी होने के मामले में एक झूठी रिपोर्ट पुरकाजी थाने में किए जाने के मामले में अधिकारियों से न्याय दिलाए जाने की मांग की। डीएम कार्यालय पहुंचे परिवारों ने आरोप लगाया कि दूसरे पक्ष ने इस मामले में झूठा आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर छेड़छाड़ की दी है, जो सरासर गलत है और इस मामले में रंजिशन ऐसा किया गया है। ग्रामीणों ने उक्त मामले में पुरकाजी थाने में दर्ज



मामले की जांच किए जाने के साथ उनके बच्चों को निर्दोष होते हुए फंसाने से राहत दिलाए जाने की मांग की। इस दौरान डीएम कार्यालय पर मुख्य रूप से पुष्पा, मनीषा, सुदेश, रमेशो, बिरमला, सुमन, बेबी समेत अनेक महिलाएं कलेक्ट्रेट में मौजूद रही।

# नाम बदल कर युवती के साथ 6 साल तक प्रेम का नाटक रचाया ले गई पुलिस

**कैराना, 10 जून (बु.)।** नाम बदल कर 6 साल तक युवती को अपने प्रेमजाल में फंसा कर रखा। बाद में युवती को पता चला कि युवक दुसरे समुदाय का है तथा 15 जून को युवक का निकाह होना है, जिस पर पीड़िता ने जनपद गाजियाबाद के मसूरी थाने पर रिपोर्ट दर्ज करायी। मसूरी पुलिस आरोपी को अपने साथ मसूरी ले गई। शनिवार को गाजियाबाद के थाना मसूरी के एसआई राजेश कुमार ने अपनी टीम के साथ कोतवाली पहुंचकर आमद दर्ज करायी। मसूरी पुलिस के साथ पीड़िता भी थी। पीड़िता ने बताया कि करीब 6 साल पहले कैराना निवासी दूसरे समुदाय का युवक उसे मिला तथा अपना नाम राजू बताया। वह आरोपी पर विश्वास करके उसके झांसे में आ गई, जिसके बाद दोनो में दोस्ती हो गई। आरोपी उसे नैनिताल भी घुमाने के लिए ले गया था। आरोपी ने नैनिताल में उसके अश्लील फोटो भी खींच रखे है। बाद में उसे पता चला कि युवक दुसरे समुदाय का है तथा 15 जून को निकाह कर रहा है, जिसके बाद उसने थाने में आरोपी के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज करायी। वही मसूरी पुलिस ने स्थानीय पुलिस को साथ लेकर आरोपी के घर पर दबिश दी, जिसके बाद मसूरी पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि मसूरी पुलिस ने आमद दर्ज कराने के बाद क्षेत्र में दबिश देकर एक आरोपी को अपने साथ ले गई।

## आरोपी की मां ने काटा हंगामा, महिला पुलिस ने हड़काया

**कैराना, 10 जून (बु.)।** जब मसूरी पुलिस आरोपी को गाड़ी में बैठा कर ले जाने लगी, तो इसी दौरान आरोपी युवक की मां कोतवाली में गाड़ी के आगे खड़ी हो गई। महिला चिल्ला-चिल्ला कर कह रही थी कि उसके बेटे का 15 जून का निकाह है। उसके बेटे को इस लड़की ने फंसाया है। उसका बेटा निर्दोष है। काफी हंगामें के बाद महिला कांस्टेबल ने आरोपी की मां को वहा से हटाया और जमकर हड़काते हुए कार्यवाही करने की चेतावनी दी। बाद में गाजियाबाद की मसूरी पुलिस आरोपी को अपने साथ लेकर रवाना हो गई।

मकान बिक्री हेतु
एक मकान, जोकि 95 वर्ग गज (22.5' X 38.0') में बना हुआ है।
- इसमें नीचे दो कमरे
- एक बड़ी रसोई
- बरामदा, टायलेट
- आंगन
- गैलरी
- सीढ़ियां और छत पर एक हॉल कमरा है।
ये 211 द्वारिकापुरी, गली नं. 11 में स्थित है।
इच्छुक व्यक्ति दिये गए फोन नम्बर पर सम्पर्क करें :-
मो. 9910633291

# पालिका ने एक दशक से बंद नालों की कराई सफाई

**कांधला, 10 जून (बु.)।** चेयरमैन के आदेश के बाद नगर पालिका प्रशासन की टीम मानसून की दस्तक से पूर्व की सभी चौक नालों को युद्धस्तर साफ करने में जुट गई। पालिका टीम ने कई वर्षो से चौक नालों को चिन्हित कर सफाई की। जिसका नतीजा है कि करीब एक दशक बाद नगर की कई चौक नालों व नालियों की साफ-सफाई का कार्य किया जा रहा है।

नगर में बरसात के बाद जलभराव एक बड़ी समस्या है। लगातार बारिश होती है, तो शहर में जगह-जगह जल जमाव की स्थिति बन जाती है। जल जमाव के कारण ने केवल लोगों का अपने घरों से निकलना मुश्किल हो जाता है बल्कि शहर की सड़कों से गुजरना भी कठिन होता है। नगरवासी के द्वारा लगातार इस बात की शिकायत पालिका प्रशासन करते है।

चेयरमैन नजमुल इस्लाम के आदेश के बाद प्रशासन इस वर्ष नालों और नालियों की सफाई को लेकर विशेष अभियान के तौर पर चलाने का निर्णय किया है,

शनिवार को को वार्ड संख्या 14 में हिन्दु इंटर कॉलेज की मार्किट से राजकीय महिला महाविद्यालय तक पूरी तरह से मिटटी चौक हो चुके नालों की सफाई की गई। आलम यह था नाली मिट्टी व कचरों से पूरी तरह से भरने के बाद सड़क का हिस्सा बना हुआ था। उक्त नाला विगत दस वर्ष पूर्व दफन हो चुका था। अब उम्मीद है कि बारिश व गंदे पानी निकासी नाले में हो सकेगी।

चेयरमैन नजमुल इस्लाम का कहना है कि पालिका में कर्मचारी के साथ बैठक कर मानसून से पूर्व ही शहर के मुख्य नालों की गंभीरता के साथ साफ-सफाई करने के आदेश दिए गए हैं। योजना के अनुसार नालों की सफाई का अभियान चलाया गया है। कई स्थानों पर मिटटी भरने से चौक हो चुके नालों को खोलकर साफ किया गया, जिसमें पानी की निकासी शुरू कराई गई।

आवश्यकता है
- Expert In Digital Marketing And Sales
- CAR DRIVER
- COOK (For FULL DAY)
सम्पर्क करें :-
9759995901

खुश खबरी खुश खबरी खुश खबरी
खुश गया है।
केन्द्र सरकार की (RVSF) POLICY के तहत मुजफ्फरनगर मे पहला अधिकृत वाहन स्क्रैपिंग सैन्टर, जो उत्तर प्रदेश सरकार से मान्यता प्राप्त है।
A.S. SCRAPYARD PVT. LTD.
अपना पुराना वाहन स्क्रैप सैन्टर पर लायें ऑन लाईन आवेदन करके स्क्रैप करायें
नोट- सर्टिफिकेट ऑफ स्क्रैपिंग के बिना आपका वाहन RTO द्वारा रद्द नहीं किया जायेगा।
तकनीकी सहायता के लिये इस नम्बर पर सम्पर्क करें 9808355126
Contact With Us:- www. asyardscrap.com
Email- asscrapyardco@gamil.com
Add- 1339/2, Vill. Jaroda, Muzaffarnagar
M. 9997786587, 7983992319

आवश्यकता है
एक केयरटेकर की आवश्यकता है...
जो बुजुर्ग की घर रहकर देखभाल कर सके
NIGHT DUTY
संपर्क करें बुलेटिन कार्यालय
9368549219

मकान बिकाऊ है
एक दो मंजिला मकान, जिसमें 6 कमरें ऊपर, 8 कमरें नीचे, लगभग 260 वर्ग गज में बना हुआ, शहर के बीचों बीच सरवट गेट, घास मंडी, मुजफ्फरनगर में बिकाऊ है।
इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें
8077323604

दुकान किराये हेतु
A.T.M. के लिए 5 फुट 8 इंच चौड़ी, 16 फुट गहरी एक दुकान भगत सिंह रोड (मुजफ्फरनगर) पर, K.Sons के बराबर में में किराये हेतु उपलब्ध है।
सम्पर्क करें :-
9319113268
9897473178

BLUECRAS SHIRT'S
U.S.POLO.ASSN T.SHIRT
PARIWAR BAZAR
Special Offer
Summer Sale
Buy 2 get 25% discount on MRP*
ZAYDIN JEANS
OFFER ON LIMITED STOCK
*Term and conditions apply
+91-8439843915
परिवार बाजार
On Prepaid Orders on above 500 ₹
Free Home Delivery
Within 2 KM
sales@pariwarbazar.com pariwar_bazar
Near A to Z Square, Towards A to Z Road, Muzaffarnagar - 251001

आखिरी मौका आखिरी मौका आखिरी मौका
फेल विद्यार्थी/कम मेरिट के विद्यार्थी निराश न हों
किसी भी बोर्ड (U.P. Board, NIOS, CBSE Board) के अनुत्तीर्ण विद्यार्थी
NIOS (भारत सरकार) का तुरन्त फॉर्म भरें, परीक्षा सितम्बर/अक्टूबर में होगी।
दो विषयों में छूट लेकर केवल तीन विषयों की ही परीक्षा दें।
किसी भी बोर्ड से कक्षा XII उत्तीर्ण विद्यार्थी कम मेरिट होने पर भी
वर्ष बचायें सुभारती विश्वविद्यालय मेरठ वर्ष बचायें
के अधिकृत अध्ययन केन्द्र में प्रवेश लें।
COURSE OFFERED
B.A. B.Sc. B.Com. M.A.
M.Sc. M.Com. B.B.A. B.C.A.
M.B.A. M.C.A. B.Lib. M.Lib. PGDCA
अधिकृत अध्ययन केन्द्र
अग्रोहा कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन
शान्तिनगर, भोपा रोड एवं ठाकुरद्वारा मुजफ्फरनगर
विशेष : नर्सरी, प्ले से कक्षा 12 तक यू.पी. बोर्ड हिन्दी व इंग्लिश मीडियम में प्रवेश प्रारम्भ हैं। इच्छुक अभ्यर्थी अध्ययन हेतु सम्पर्क करें
NIOS, NTT एवं प्राइवेट फॉर्म भरने के लिए सम्पर्क करें
Phone No. : 0131-2615405, 2433717,
M. 9837640120, 9837108280
नोट : टीचर्स की आवश्यकता है

# नायब तहसीलदार पर तीन लाख रुपए लेकर मुकदमा प्रभावित करने का आरोप

**जानसठ, 10 जून (बु.)।** तहसील में कार्यरत एक नायब तहसीलदार पर दाखिल खारिज के मुकदमे में तीन लाख रुपए लेकर प्रभावित करने का आरोप लगाया है। महिला ने इसकी शिकायत डीएम के साथ-साथ मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी की है। तहसील क्षेत्र के गांव भंडूर निवासी रेशु त्यागी पत्नी सतीश कुमार ने मुख्यमंत्री को भेजें शिकायती-पत्र में तहसील में कार्यरत एक नायाब तहसीलदार पर मुकदमा प्रभावित करने का आरोप लगाया है। पत्र में उसने बताया की तहसीलदार भोपा के न्यायालय में एक मुकदमा दाखिल खारिज का चल रहा है। उसने आरोप लगाया कि नायब तहसीलदार ने विपक्षी गणों से 3 लाख रुपए लेकर मुकदमे को प्रभावित करने का प्रयास कर रहे हैं। महिला ने आरोप लगाया कि उक्त मामले में सिविल जज द्वारा स्थगन आदेश भी दिया हुआ है। उसने मुख्यमंत्री से मांग की है कि इस मामले की निष्पक्ष जांच की जाए तथा तहसील में 3 साल से भी अधिक समय से जमे उक्त नायब तहसीलदार का स्थानांतरण किया जाए।

आवश्यक सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भरतिया कॉलोनी गली नं. 3/3, मुजफ्फरनगर से दीप फर्नीचर के पास खादरवाला/ कृष्णापुरी की तरफ लगभग 6:45 से 7:43 पीएम शाम को ई-रिक्शा में लकड़ी का सामान एवं एक बैग, जिसमें स्टाम्प पेपर, एक रजि. लगभग 10,000-11,000 रुपये के कोर्ट फीस, मेरे नाम की मोहर व मेरा स्टाम्प विक्रेता का लाइसेंस नम्बर-56, कचहरी कम्पाउण्ड, मुजफ्फरनगर, जिसकी अवधि 31.03.2021 से दिनांक 31.03.2026 तक है व कुछ जरूरी कागजात थे। उस ई-रिक्शा के साथ बैठकर आ रहा था। दीप फर्नीचर के पास उस ई- रिक्शा से उतरा जैसे ही मैं कुछ कदम पर रुका, तो वह ई-रिक्शा वाला वहां से भाग गया। मेरे पास कैमरे में रिकार्ड है, साफ नहीं आ रहा है, जो कि मैंने आदर्श स्कूल खादरवाला में देखी है, जो दीप फर्नीचर के सामने है। उक्त बैग में जो स्टाम्प व कोर्ट फीस है, उनका कोई दुरूपयोग करता है, तो उनकी जिम्मेदारी होगी। दिनांक 07.06.2023, 7:00 पीएम शाम तक मेरी जिम्मेदारी है।
रामप्रसाद सिंघल
पुत्र स्व. श्री वेदपाल सिंघल
निवासी-कृष्णापुरी, म.नं. 377/1, मुजफ्फरनगर।
मो. 8791331839, 9760640641

अट्ठारवीं पुण्य तिथि
श्रीमती सुशीला देवी
निर्वाण 11.06.2005
आज आप हमारे बीच सशरीर नही हैं, लेकिन आप का आशीर्वाद हमें इस प्रकार मिलता हैं, जैसे आप अदृश्य रुप में भी हर समय हमारे ही साथ रहकर हमारा मार्गदर्शन कर रही हैं। आपकी पुण्यतिथि पर हम आपको श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए परमपिता परमात्मा से प्रार्थना करते हैं कि सदा ही आपका आशीर्वाद हमें फलीभूत होता रहे।
आपकी पुण्यतिथि पर शत-शत नमन !
प्रतिष्ठान
- सरस्वती मिष्ठान भंडार
अंसारी रोड, सरवट गेट, मुजफ्फरनगर
- मित्तल नमकीन
51/1, अंसारी रोड़, सरवट गेट, मुजफ्फरनगर
मो.- 9760838828, 7417616562,
9319612545, 7217452050, 9219397625
श्रद्धानवत्
अनिल कुमार मित्तल (पुत्र)
सुनील कुमार मित्तल (पुत्र)
प्रवीण कुमार मित्तल (पुत्र)
राकेश कुमार मित्तल (पुत्र)
मनोज कुमार मित्तल (पुत्र)
शुभम, कुशाग्र (पौत्र)
कुणाल, आदित्य (पौत्र)

## बैंक के कर्मचारी ने पैसा कमाने के लिए लिखवाई थी लूट की झूठी रिपोर्ट

**जानसठ, 10 जून (बु.)।** पानीपत-खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग पर कुछ दिन पहले हुई लूट के मामले में पुलिस ने वादी को ही गिरफ्तार कर उससे पैसे की बरामदगी कर ली है। पुलिस ने बताया कि पैसे की जरूरत के चलते वादी ने ही रकम को गबन करने के लिए लूट की रिपोर्ट लिखाई थी। गत 17 मई को इंद्रजीत पुत्र उदय राज निवासी गांव मोहद्दीपुर जिला बिजनौर ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि वह बंधन बैंक जानसठ में काम करता है। वह गांव से खेड़ा में बिहारी से बैंक के पैसे का कलेक्शन करके वापस लौट रहा था तो पानीपत-खटीमा मार्ग पर गांव कव्वाल के पास कुछ तमंचेधारी बदमाशों ने उससे एक लाख 50 रुपए की लूट कर ली। पुलिस ने मामला दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी। शनिवार को सीओ शकील अहमद ने प्रेस वार्ता कर बताया की पुलिस ने गहनता से छानबीन की, तो पता चला की इंद्रजीत ने पैसों की जरूरत के चलते लूट की साजिश रची थी। उन्होंने बताया की इंद्रजीत से पूरे पैसे की बरामदगी कर ली है। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया। इंस्पेक्टर दिनेश कुमार ने बताया यह आरोपित की निशानदेही पर लूट की पूरी रकम बरामद कर ली गई है।



# अनुप्रिया पटेल ने सभी वर्गो को आगे बढ़ाने का काम किया : सुनीता पटेल

**मुजफ्फरनगर, 10 जून (बुस.)।** आज अपना दल एस जनपद मुजफ्फरनगर की एक मीटिंग आर्यसमाज शहर में हुई। कार्यक्रम के मुख्य अथिति रोहिनिया के विधायक सुनील पटेल व अथिति अजित बैंसला व अलका पटेल रहे। अध्यक्षता विनय मित्तल व संचालन व्यापारी नेता जयवीर सिंह ने किया। विधायक जी ने अपने संबोधन में कहा की बहन अनुप्रिया पटेल ने सभी वर्गों को आगे बढ़ाने का काम किया है। आप हम लोग मिलकर बहन जी के हाथों को मजबूत करें। विधायक जी द्वारा 2 जुलाई को पार्टी के संस्थापक सोनेलाल पटेल की जयंती में जिले से अधिक से अधिक भागीदारी लखनऊ में करने को कहा। कार्यक्रम में तरुण सिंह, तरुण राज शर्मा, कन्हैयालाल रोहाना, राजन सिंगल, मोहित गोयल, नवीन रस्तोगी, डॉ. शादाब आलम, नौशाद त्यागी,साबिर अली, डॉ. सीपी सिंह,जसवीर राना सुरेंद्र गुप्ता, संदीप सिंघल,सुभाष मित्तल मौजूद रहे।

# जीएसटी टीम के कांधला पहुंचने की सूचना के बाद बंद हो गया बाजार

**कांधला, 10 जून (बु.)।** जीएसटी टीम के छापेमारी की अफवाह पर नगर में दुकानदारों ने आनन फानन में दुकान के शटर गिराने प्रारंभ कर दिए। एक साथ नगर में अफवाह उड़ी की नगर में जीएसटी की टीम ने छापेमारी कर रही है, जिस पर दुकानदार अपनी-अपनी दुकानों के शटर बंद कर चले गए। शनिवार की सुबह के प्रतिदिन की तरह सभी बाजारों को खोलकर दुकानदारों के द्वारा ग्राहकी की गई। दोपहर 2 बजे अचानक जीएसटी टीम के कांधला मैन बाजार में पहुंचने की अफवाह फैल गई। अफवाह फैलते ही व्यापारियों में हड़कंप मच गया। झूठी सूचना पर मिनट भर में बाजार की तमाम दुकानें बंद हो गई और व्यापारी सड़कों पर आ गए। सभी व्यापारी यह जानने की कोशिश कर रहे थे कि आखिर जीएसटी की टीम कहां है, किसकी दुकान का निरीक्षण चल रहा है। मगर देर की शाम तक यह सूचना कोरी अफवाह साबित हुई। दुकानदार अपनी-अपनी दुकानों के शटर बंद कर गायब हो गए। नगर में व्यापारियों के द्वारा बाजार बंद करने से बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा। हालांकि शाम तक कोई भी अधिकारी नहीं पहुंचने से दुकानदारों ने अपने-अपने प्रतिष्ठान खोले और राहत की सांस ली।

DreamsMattresses
Wallpaper
Blinds
Bedcovers
Curtain & Sofa Cloth
मद्रास हैण्डलूम
Roorkee Road, Anand Bhawan Mzn 9927855699

# ठण्डा है एसी-कूलर का बाजार, गर्मी देर से जो पड़ी है इस बार...

## ▶ मई माह में बेमौसम बारिश ने बिगाड़ा कारोबारियों का सारा खेल, अब कांवड और मानसून की पड़ेगी मार

## ▶ मुजफ्फरनगर बुलेटिन की टीम ने जाना इलेक्ट्रॉनिक कारोबारियों के दिल का हाल

**मुजफ्फरनगर, 10 जून (बु.)।** इस साल मौसम का बदलाव सभी को चौंकाने वाला रहा है। अभी तक भी मौसम में खूब उतार और चढ़ाव नजर आ रहे हैं। ऐसे में मार्च के बाद अप्रैल और मई माह जिस प्रकार से गरमी में भी लोगों को ठण्डा करता रहा है, वो किसी से छिपा नहीं है, लेकिन मौसम की इस करवट और बेमौसम बरसात ने गरमी के सीजन में 'कमाई' की उम्मीदों को लिये बैठे कारोबारियों और दुकानदारों के अरमान भी ठण्डे कर दिए हैं। गरमी का सीजन निकलता जा रहा है और ऐसे में एसी तथा कूलर के कारोबारी अभी उम्मीद लगाये बैठे हैं कि गरमी में उनकी दुकान चल निकलेगी।

इस बार बेमौसम बरसात के कारण गरमी में भी लोगों के लिए ठण्ड का अहसास कराने में मौसम पीछे नहीं रहा। हर साल मार्च के बाद भीषण गरमी का प्रकोप किसी से छिपा नहीं है, लेकिन लोग इस साल गरमी में मौसमी बदलाव का सुरते हाल देखकर भौचक्के हैं। इससे लोगों को जानलेवा लू और गरमी से तो राहत मिली है, लेकिन मौसम की इस नई तरावट ने कारोबारियों की नींद उड़ाकर रख दी। मुजफ्फरनगर बुलेटिन की टीम ने शनिवार को बाजार और कारोबार पर मौसम के इस बदलाव के असर को परखने के लिए भ्रमण किया तो व्यापारियों की पीड़ा और कारोबार चलने की उम्मीद सामने आई। जिले के इलेक्ट्रोनिक आइटमों के बड़े शोरूम को चलाने वाले मनोज कुमार जैन एलजी वाले इसको लेकर कहते हैं कि जिस प्रकार पहले माल बिका था, ऐसी इस सीजन में बिक्री नहीं हुई है। अभी कुछ दिनों में जिस प्रकार से अब गर्मी बढ़ी है, तो अब उम्मीद जगी है कि माल बिकेगा। लेकिन मई में कारोबार बहुत मंदा रहा, मौसम ने साथ नहीं दिया, लगातार बारिश हुई है इससे भी ज्यादा दिक्कत हुई, उम्मीद बाकी है कि अब गर्मी बढ़ेगी तो माल जरूर बिकेगा। प्रकाश चौक पर अतुल कूलर के डीलर निशित मित्तल ने टीम से बातचीत में कहा कि मौसम की वजह से मार्किट डाउन तो है, अब जिस प्रकार से गर्मी बढ़ी है तो मार्किट में थोड़ा व्यापार उठा है। उम्मीद है कि काम थोड़ा निकलेगा और कूलर, ए.सी बिकने शुरू होंगे।

जितेन्द्र ट्रेडर्स के मालिक अचिन अग्रवाल ने कहा कि अप्रैल के बाद से मौसम लगातार ऐसा ही रहा है कि मार्किट डाउन रही है। कारोबार में 30 से 35 प्रतिशत की कमी आई है, अगर ऐसा ही रहा तो मुझे लगता नहीं मार्किट स्पीड पकड़ पाएगी। मई में भी हमारी सेल डाउन गई है। एयर कंडीशनर कंपनियों के प्रोडक्शन पर भी काफी फर्क पड़ा है, लेकिन जिस प्रकार अब गर्मी बढ़ी है, तो उसमें भी लगता नहीं है कि मार्किट उठेगी, क्योंकि अब मानसून भी आने वाला है। व्यापारी अक्षत जैन ने बताया कि पिछले साल के मुकाबले इस बार व्यापार काफी डाउन है और अभी तक गर्मी ज्यादा नहीं पड़ पाई, अब जून में गर्मी शुरू हुई है तो कॉस्ट्यूम का आना शुरू हुआ है तो अब देखते है की आगे का व्यापार कैसा रहेगा। अब तक 25 प्रतिशत तक मार्किट डाउन है। नई मण्डी निवासी एसी विक्रेता संजय कहते हैं कि मैं पिछले 35 वर्षो से एयर कंडीशनर का काम करता आ रहा हूं, ऐसा पहली बार हुआ है कि मई तक मार्किट में ग्राहक नहीं था। इससे पहले 2021 की अगर मैं बात करूं तो कोरोना में भी इससे ज्यादा काम निकला था, लेकिन मेरे करियर में पहली बार ऐसा हुआ की मार्किट इतना डाउन दिखाई दिया है और आगे भी अब उम्मीद नहीं लगती, क्योंकि अब मानसून दस्तक देने वाला है। व्यापारी मधु सूदन बंसल ने कहा कि मौसम के उलटफेर से बाजार पर बहुत फर्क पड़ा है, पिछले साल के मुकाबले इस वर्ष 50 प्रतिशत व्यापार पर फर्क पड़ा है। अब मौसम में थोड़ी गर्मी महसूस होना शुरू हुई है तो लग रहा है कि काम थोड़ा बढ़ेगा। इलेक्ट्रोनिक कारोबारी रोहित का कहना है कि हर बार से अगर कंपेयर किया जाए तो पिछले साल से इस साल काफी फर्क आया है, क्योंकि गर्मी इस बार देर से शुरू हुई है। लेकिन जिस हिसाब से अब गर्मी ज्यादा है तो आगे आने वाले समय में थोड़ा सा काम बढ़ने की उम्मीद है जितना हमने स्टॉक किया था और हमें जितनी उम्मीद थी वैसा काम नहीं निकल पाया है। नुकसान तो नहीं कह सकते। काम तो बराबर चला है, लेकिन अगर परसेंटेज की बात करें तो पिछला जो समय रहा है। उसके हिसाब से 30 से 40 प्रतिशत काम कम रहा है। व्यापारी अभिजीत सिंह गंभीर ने कहा कि एसी, कूलर और फ्रिज के कारोबार की अगर मैं बात करूं तो 40 प्रतिशत की हर कंपनी की मार्किट में गिरावट है, जिस हिसाब से अप्रैल से मई तक काफी अच्छी बारिश पड़ी है तो उसे एसी, कूलर, फ्रिज की मार्किट उठ नहीं पाई, लेकिन आगे की अब बात करें तो मानसून सामने हैं और कावड़ यात्रा में सेवा शुरू हो जाती है काम तो खुद ही बंद हो जाएगा।





शनिवार को झुलसा देने वाली गर्मी के नजारे

### छपार सड़क दुर्घटना में तीन लोग गंभीर रूप से घायल

**मुजफ्फरनगर, 10 जून (बु.)।** हाईवे पर छपार क्षेत्र में तेज रफ्तार कार द्वारा बाइक में टक्कर मार देने से बाइक सवार महिला सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घयलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा, जहां से उन्हें रेफर कर दिया गया। पुलिस ने दुर्घटना करने वाली कार को कब्जे में ले लिया है।

पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि छपार थाना क्षेत्र के गांव परई निवासी चौधरी शक्ति सिंह व प्रिंस अपने परिवार की महिला के साथ बाइक पर सवार होकर आ रहे थे। बाइक को प्रिंस चला रहा था। एसएचओ छपार ने बताया कि पीछे से तेज रफ्तार से आई कार ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार तीनों लोग सड़क पर जा गिरे और घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिये जिला अस्पताल पहुंचाया और दुर्घटना करने वाली कार को कब्जे में ले लिया।

### जालसाजी कर डेढ़ लाख रुपये हड़पे

**मुजफ्फरनगर, 10 जून (बु.)।** एक व्यापारी से धोखाधड़ी करते हुए 1 लाख 50 हजार 298 रुपये हड़प लिये गए। पीड़ित व्यापारी ने चार लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। नई मंडी थाने पर दर्ज कराई गई रिपोर्ट में उत्तरी सिविल लाइन निवासी दीपक सिंघल ने बताया कि उसकी भोपा रोड पर फर्म है। पीड़ित ने बताया कि मनीष कुमार निवासी मुरादाबाद ने उससे सम्पर्क किया और बताया कि उसकी फर्म कॉपर सप्लाई करती है। पीड़ित ने आरोपी को 6 लाख 50 हजार 298 रुपयों का ऑर्डर दिया और उसके बताए गए खाते में 1 लाख 50 हजार 298 रुपये ट्रांसफर कर दिये। पीड़ित ने बताया कि उसे कॉपर के स्थान पर लाल पत्थर का चूरा भेज दिया गया। पीड़ित ने बताया कि आरोपी की फर्म का जीएसटी नम्बर भी फर्जी निकला। पीड़ित ने बताया कि इस जालसाजी में मनीष कुमार के साथ योगेश कुमार अग्रवाल, राजेश शुक्ला व जावेद शामिल हैं। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

### प्रदूषण फैलाने वाली फैक्टरी की होगी जांच

**मुजफ्फरनगर, 10 जून (बु.)।** एक फैक्टरी द्वारा प्रदूषण फैलाने के मामले पर एनजीटी के आदेश के बाद केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और डीएम अरविंद मल्लप्पा बंगारी से फैक्टरी का दौरा कर दो महीने के भीतर रिपोर्ट देने को कहा है। निराना गांव के निवासी कैंसर पीड़ित बाबर अली ने राष्ट्रीय हरित अधिकरण में प्रार्थना देकर अवगत कराया था कि गांव में लोग लगातार कैंसर का शिकार हो रहे हैं। साथ ही कैंसर के कारण मृतकों की संख्या भी बढ़ रही है। त्रिवेणी इंजीनियरिंग एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड एल्को-केमिकल यूनिट हानिकारक रसायनों वाले पानी को सीधे नाली और खुले खेतों में छोड़ रहा है। इससे ना केवल पर्यावरण को नुकसान हो रहा है, बल्कि किसानों की कृषि भूमि और फसलों को नुकसान हो रहा है।

### चरथावल के प्रतिमा मामले पर पंचायत में हुआ फैसला

**चरथावल, 10 जून (बु.)।** रोनी हर्जीपुर में स्कूल परिसर में लगाई गई राजपूत योद्धा की प्रतिमा को डीएम और एसएसपी के समझाने के बाद प्रतिमा को उतारकर प्रधान विनोद पुंडीर के घर रखवा दिया गया था। लेकिन शनिवार को गांव में पंचायत की सूचना के बाद प्रशासन सक्रिय हो गया। बिरालसी चेक पोस्ट पर बैरियर लगाकर वाहनों की चेकिंग की गई। स्थानीय लोगों के अलावा किसी बाहरी व्यक्ति को गांव में नहीं जाने दिया गया। इस बीच पूर्व विधायक संगीत सोम की मौजूदगी में तय हुआ कि प्रतिमा स्कूल में नहीं किसी अन्य स्थान पर लगाई जाएगी। इसका स्थान तय कर प्रशासन के पास अनुमति के लिए पत्र भेजा जाएगा। इसके बाद विवाद समाप्त हो गया। एडीएम प्रशासन नरेंद्र बहादुर सिंह, एसपी देहात अतुल श्रीवास्तव, एसडीएम सदर परमानंद झा पूरे दिन गांव में डटे रहे। शाम चार बजे कुछ जिम्मेदार लोगों के जिला मुख्यालय जाने बाद कुछ लोग मंदिर में पहुंचे। संगीत सोम से वार्ता के बाद पंचायत स्थगित होने के बाद प्रशासन ने राहत महसूस की।

### चरथावल के प्रतिमा मामले पर पंचायत में हुआ फैसला

चरथावल, 10 जून (बु.)। रोनी हर्जीपुर में स्कूल परिसर में लगाई गई राजपूत योद्धा की प्रतिमा को डीएम और एसएसपी के समझाने के बाद प्रतिमा को उतारकर प्रधान विनोद पुंडीर के घर रखवा दिया गया था। लेकिन शनिवार को गांव में पंचायत की सूचना के बाद प्रशासन सक्रिय हो गया। बिरालसी चेक पोस्ट पर बैरियर लगाकर वाहनों की चेकिंग की गई। स्थानीय लोगों के अलावा किसी बाहरी व्यक्ति को गांव में नहीं जाने दिया गया। इस बीच पूर्व विधायक संगीत सोम की मौजूदगी में तय हुआ कि प्रतिमा स्कूल में नहीं किसी अन्य स्थान पर लगाई जाएगी। इसका स्थान तय कर प्रशासन के पास अनुमति के लिए पत्र भेजा जाएगा। इसके बाद विवाद समाप्त हो गया। एडीएम प्रशासन नरेंद्र बहादुर सिंह, एसपी देहात अतुल श्रीवास्तव, एसडीएम सदर परमानंद झा पूरे दिन गांव में डटे रहे। शाम चार बजे कुछ जिम्मेदार लोगों के जिला मुख्यालय जाने बाद कुछ लोग मंदिर में पहुंचे। संगीत सोम से वार्ता के बाद पंचायत स्थगित होने के बाद प्रशासन ने राहत महसूस की।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाईक सवार दो युवक घायल

**कांधला, 10 जून (बु.)।** बारात में शामिल होकर बाइक से वापस लौट रहे बाइक सवार दो युवक अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिये रेफर किया गया है। शुक्रवार को बुढ़ाना निवासी रोहित, अंकित बाइक पर सवार होकर शामली में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने के लिये गए थे। देर रात दोनों बाइक सवार बाइक पर सवार होकर शामली से बुढ़ाना के लिये लौट रहे थे। कांधला बुढ़ाना मार्ग रेलवे फाटक के निकट पंहुचने पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दोनों युवक घायल हो गए। घायलों को राहगिरों की मदद से प्राईवेट अस्ताल में भर्ती कराया गया और परिजनों को घटना की सूचना देकर मौके पर बुलाया गया। जहां से उन्हे गंभीर हालत में मुजफ्फरनगर के लिये रेफर कर दिया गया। घटना के सम्बन्ध में पुलिस को तहरीर नहीं दी गई है।

### 1.40 करोड़ की डकैती में इंस्पेक्टर समेत सात पुलिसकर्मी बर्खास्त

**वाराणसी, 10 जून (एजेंसी)।** वाराणसी स्थित गुजरात की एक फर्म के कार्यालय से 1.40 करोड़ रुपये की डकैती मामले में दोष उजागर होने के बाद शनिवार को एक इंस्पेक्टर सहित सात पुलिसकर्मियों को बर्खास्त कर दिया गया है। बर्खास्त होने वाले पुलिस कर्मियों में तत्कालीन भेलूपुर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रमाकांत दुबे, दरोगा सुशील कुमार, महेश कुमार और उत्कर्ष चतुर्वेदी और सिपाही महेंद्र कुमार पटेल, कपिल देव पांडेय व शिवचंद्र शामिल हैं। इस कार्रवाई से कमिश्नरेट के पुलिस कर्मियों में हड़कंप मचा हुआ है।

## जनपद के 22 मेधावियों को योगी सरकार करेगी सम्मानित

- ▶ होली एंजिल्स के छात्र मयंक को सम्मानित करेंगे मुख्यमंत्री
- ▶ जिला मुख्यालय पर 21 छात्र-छात्राओं को मिलेगा सम्मान
- ▶ मेधावियों के सम्मान को योगी सरकार ने की तैयारी

मुजफ्फरनगर, 10 जून (बु.)। जनपद के सीबीएसई बोर्ड के होली एंजिल्स पब्लिक स्कूल के हाईस्कूल के छात्र का राज्य स्तर पर पुरस्कार के लिए चयन हुआ है, जिन्हें मुख्यमंत्री की ओर से अब 14 जून को लखनऊ में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में सम्मानित किया जायेगा। सरकार की ओर इस छात्र को मुख्यमंत्री की ओर से एक लाख रुपये, एक टैबलेट, एक मेडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जायेगा। इसके साथ जनपद स्तर के हाईस्कूल के 11 व इंटरमीडिएट के दस टॉपर छात्र-छात्राओं को जिला स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रत्येक मेधावी को इक्कीस हजार रुपये, एक टैबलेट, एक मेडल व प्रशस्ति पत्र जनप्रतिनिधियों व प्रभारी मंत्री के माध्यम से समारोह पूर्वक 14 जून को वितरण कराया जायेगा।

डीआईओएस गजेंद्र कुमार ने बताया कि सरकार की पहल पर हाईस्कूल व इंटरमीडिएट में टॉपर छात्र-छात्राओं को सम्मान देने की दिशा में 14 जून को लखनऊ मुख्यालय व जिला स्तर पर सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सम्मान समारोह में नगर के होली एंजिल्स पब्लिक स्कूल के हाईस्कूल के छात्र मयंक तायल को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा एक लाख रुपए के साथ एक टेबलैट, मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करेंगे। वहीं जिला स्तर पर आयोजित किए जा रहे कार्यक्रम में हाईस्कूल के 11 टॉपर एवं इंटरमीडिएट के 10 टॉपर छात्र-छात्राओं को हर मेधावी को 21 हजार रुपये, एक टैबलेट, एक मेडल व प्रशस्ति पत्र जनप्रतिनिधियों व प्रभारी मंत्री के माध्यम से 14 जून को आयोजित होने वाले कार्यक्रम में वितरण कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि इन हाईस्कूल के 11 टॉपर सूची में अंबिका कौशिक, आयुषी सिंह, अर्जुन जांगिड़, समीर अली, यश सैनी, शौर्य शर्मा, ईशा, अवनी सिंघवाल, वरुणा, लक्ष्य रस्तौगी व अग्रिमा गुप्ता का नाम शामिल है, वहीं इंटरमीडिएट की टॉपर सूची में शिवम पाल, अमन पाल, संदीप पाल, कामिनी चौहान, अक्षय कुमार, आकाश वेदवान, रोहित कुमार, विधिका गोयल, यशी धीमान और अरुण का नाम शामिल है। आगामी 14 जून को होने वाले इस सम्मान समारोह को लेकर प्रशासन की ओर से तैयारी हो चुकी है, बस कार्यक्रम का स्थान चयनित होने के साथ जनपद के टॉपर छात्र-छात्राओं को उनकी मेहनत का फल मिलने के साथ इन मेधावियों के अभिभावकों व विद्यालय के लिए भी गौरव के पल होंगे।

### साध्वी राजनंदेश्वरी की अस्थियों की होगी फोरेंसिक जांच

**मुजफ्फरनगर, 10 जून (बु.)।** विगत दिनों शुकतीर्थ के महा शक्ति पीठ की संचालिका माता योगिनी राज नंदेश्वरी की मौत की जांच के लिए अस्थियों को फोरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है। पुलिस ने दावा किया है कि जांच में मृत्यु किसी भी प्रकार से संदेहास्पद होना नहीं पाया गया है। एसपी देहात अतुल श्रीवास्तव के अनुसार प्रकाशानंद एवं माता राजनंदेश्वरी एक ही गांव माछरा के निवासी थे। प्रकाशानन्द के एक पुत्र शिवकुमार एवं दो पुत्रियां थीं। शिवकुमार की वर्ष 2018 में मृत्यु हो गई। शिवकुमार के दो पुत्र चन्द्रमा एवं मोहक हैं। प्रकाशानन्द एवं माता राजनंदेश्वरी ने सर्वप्रथम जनपद मिजार्पुर और बाद में बिल्हौर जनपद कानपुर देहात में आश्रम खोला। चन्द्रमा छह वर्ष की आयु में अपने दादा प्रकाशानन्द के साथ बिल्हौर चला गया। वर्ष 1994 में प्रकाशानन्द एवं माता राजनंदेश्वरी ने चन्द्रमा को उसकी माता योगनंदनी से दत्तक पुत्र के रूप में स्वीकार किया। 20 जुलाई 2019 को रजिस्टर्ड गोदनामा तैयार कराया। वर्ष 1996 में प्रकाशानन्द, माता राजनंदेश्वरी एवं चन्द्रमा शुक्रताल आ गये और जमीन खरीद कर महा शक्ति पीठ नामक आश्रम व श्रीबालाजी योग विज्ञान अनुसंधान केंद्र खोला। साध्वी ने 26 मई की रात डॉ. अशोक से बीमारी के बारे में बातचीत की थी। 27 मई की रात तबीयत खराब होने पर उन्हें पहले मोरना और बाद में मुजफ्फरनगर जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया था। साध्वी की मृत्यु की जांच के लिए कई संतों व मृतका के चचेरे भाई माछरा निवासी धीरज त्यागी, भांजे विनय त्यागी व अन्य परिजनों ने जांच की मांग की थी।

## गर्मी कर रही भेजा फ्राई, बिजली कभी गई कभी आई

**मुजफ्फरनगर, 10 जून (बु.)।** पारा एक बार फिर चालीस के करीब पहुंचने और हवा से नमी गायब होने के बाद भेजा फ्राई करने वाली गर्मी से लोग बिलबिला उठे हैं। नगर में आज तापमान अधिकतम 39.3 और न्यूनतम 27.3 डिग्री रहा। आर्द्रता 48 प्रतिशत रिकॉर्ड की गई। इसके चलते उमस भरी गर्मी तड़पाती नजर आई। हालांकि दोपहर बाद आसमान पर छाई धुंध और इसके बाद चली ठंडी हवाओं ने लोगों को थोड़ी राहत दी। कुछ जगहों पर आंशिक बादल छाए रहने से साथ 20-30 किलोमीटर की गति से हवा चल सकती है।

मौसम के तेवर बदलते ही गर्मी का रिकॉर्ड तेजी से बज रहा है। जेठ के महीने में ठंडक का मजा लेने के बाद अब चालीस का पारा भी बुरी तरह से परेशान कर रहा है। नगर में आज पारे के 40 के करीब पहुंचने के बाद दिन भर पसीना छुड़ाने वाली गर्मी से लोग बेहाल रहे। आज भी सुबह से सूरज के तेवर तीखे थे और दोपहर बाद तक कड़क धूप परेशान करती रही। हालांकि दोपहर बाद अचानक आसमान पर धुंधलका छाने और इसके साथ बादलों की आमद के बीच चली हल्की ठंडी हवाओं ने भीषण उमस से काफी राहत दी और शाम को मौसम खुशनुमा रहा। हालांकि अंदर उमस वैसे ही बरकरार रही। पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में एक हल्का पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है। जिसका असर 10 जून से 13 जून तक पूर्वी यूपी में देखने को मिलेगा। इस दौरान हल्के बादल छाने से गर्मी से राहत मिलेगी। कहीं-कहीं बूंदा-बांदी भी हो सकती है।

**पारा 39.3/27.3**

### आसमान पर बादलों के बीच दिखा इंद्रधनुष

**मुजफ्फरनगर। दोपहर बाद अचानक आई तेज हवाओं के बीच जिले के कुछ इलाकों में तेज आंधी से स्थिति बदली। इस दौरान आसमान पर बादल छाए, लेकिन बारिश की उम्मीद बेकार साबित हुई, हालांकि बीच आसमान पर इंद्रधनुष नजर आने और ठंडी हवाओं से अनुमान लगाया जा रहा है कि आसपास कहीं बारिश जरूर हुई है। फिलहाल शहर वासियों को अभी गर्मी से कोई बड़ी राहत नहीं मिल पाई।**

### बिजली ने लोगों की मुसीबत बढ़ाई

**▶ फरवरी के मुकाबले ढाई गुना बढ़ी मांग ▶ एसी, कूलर व पंखों से हांफने लगे ट्रांसफार्मर**

मुजफ्फरनगर, 10 जून (बु.)। भीषण गर्मी के बीच बिजली भी सितम ढा रही है। शहर के तमाम इलाकों में लगातार घंटों तक हो रही अघोषित कटौती से लोग बिलबिला रहे हैं। तमाम स्थानों पर बिजली आने और जाने का क्रम तेज होने के साथ लोवोल्टेज की समस्या से भी शहरवासी परेशान हैं। अधिकारी इसका कारण मांग बढ़ना बता रहे हैं। इसके चलते तमाम ट्रांसफार्मर ओवर लोड हो गए हैं। हालांकि टाउन हाल के अधिशासी अभियंता का कहना है कि अचानक तेज गर्मी के कारण बिजली की मांग बढ़ी है। फरवरी में बिजली की जो मांग करीब 17 मिलियन यूनिट थी वह अब बढ़कर 40 से 41 मिलियन यूनिट पहुंच चुकी है। जाहिर है कि बिजली का भार बढ़ा है। उनका कहना है कि इसके चलते ट्रांसफार्मर अपनी पूरी क्षमता पर चल रहे हैं। इससे कुछ स्थानों पर थोड़ी बहुत समस्या आ जाती है। उन्होंने ट्रांसफार्मर्स के ओवर लोड होने की स्थिति से इंकार किया। इस बीच शेरनगर में बिजली की समस्या को लेकर कल से चल रहे प्रदर्शन के बाद आज भाकियू कार्यकर्ताओं ने अवर अभियंता का घेराव कर हठधर्मी का आरोप लगाया। बाद में बिजली आपूर्ति सुधारने के आश्वासन पर मामला शांत हुआ।

### सेहत बिगाड़ रही गर्म हवाएं और धूप

**मुजफ्फरनगर, 10 जून (बु.)।** गर्म हवाओं के थपेड़े सेहत भी बिगाड़ रहे हैं। इसके चलते डिहाईड्रेशन के मरीज तेजी से बढ़े हैं। चिकित्सकों का कहना है कि लू की चपेट में आने से पेट में दर्द शुरू हो सकता है। शरीर में पानी की कमी होने से डायरिया की चपेट में आ सकते हैं। इसके साथ ही हीट स्ट्रोक का भी खतरा बढ़ जाता है। ब्लड प्रेशर बढ़ सकता है। इस दौरान काफी सावधानी बरते की जरूरत है। धूप से एकदम ठंडे स्थान पर न जाएं। धूप से आने के बाद थोड़ा रुककर ही पानी पीएं। हल्का खाना लें और तरल पदार्थों का अधिक सेवन करें। बासी खाना खाने से बचें। तेज धूप से आने के बाद ठंडा पानी पीने से कई नुकसान है। इसलिए भीषण गर्मी में बीमारियों से बचाव के लिए सावधानी बरतें।

**ये बरतें सावधानी :** ▶ धूप से आने के तुरंत बाद ठंडे पानी का सेवन करने से बचें। ▶ कुछ देर आराम कर लें, उसके बाद सामान्य पानी पीएं। ▶ फ्रिज के बजाय घड़े या मटके का पानी पीना बेहतर।

#### गर्म हवाओं से ऐसे करें बचाव

- मुंह पर कपड़ा बांधकर चलें। पूरी आस्तीन के कपड़े पहनें
- खाली पेट घर से न निकलें।
- जितना हो सके, पानी पीते रहें।
- खानपान में तरल पदार्थों का अधिक सेवन करें।
- बच्चे और बुजुर्ग बहुत जरूरी होने पर ही घर से निकलें।

## फर्जी डीएल के मामले में किशोर दोषमुक्त, एआरटीओ और दरोगा के खिलाफ कार्रवाई

**▶ किशोर न्याय बोर्ड ने 10 साल पुराने मुकदमे में सुनवाई के बाद दिया फैसला**

**मुजफ्फरनगर, 10 जून (बु.)।** कूटरचित दस्तावेजों से ड्राईविंग लाइसेंस बनाने के मामले में किशोर न्याय बोर्ड ने दस साल पुराने मुकदमे में आरोपी किशोर को दोषमुक्त कर दिया है। इस मामले में एआरटीओ अमिताभ चतुर्वेदी और विवेचक विजयपाल सिंह को दोषी मानते हुए विभागीय कार्यवाही के आदेश दिये गये हैं।

दरअसल, एआरटीओ अमिताभ चतुर्वेदी ने शहर कोतवाली में एक किशोर के खिलाफ कूट रचित दस्तावेजों के आधार पर बेईमानी की नीयत से ड्राइविंग लाइसेंस बनवा कर गलत इस्तेमाल करने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई थी। इस मामले में किशोर के खिलाफ धारा 420, 467, 468, 471 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। लगभग 10 वर्ष चले इस मुकदमे में किशोर अपचारी के विरुद्ध आरोप साबित करने में पूर्णतया असफल रहा। अपने विश्लेषण में किशोर न्याय बोर्ड ने सभी तथ्यों साक्ष्य दस्तावेज एवं परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए और पत्रावली पर उपलब्ध समस्त साक्ष्यों के परिशीलन के पश्चात यह निष्कर्ष निकाला कि किशोर अपचारी पूरी तरह से दोषमुक्त है। बोर्ड ने शहर थाना कोतवाली के एसआई विजय पाल सिंह ने विवेचना की। मामले की सुनवाई के दौरान यह तथ्य प्रकाश में आया कि तत्कालिक सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन-प्रवर्तन मुजफ्फरनगर अमिताभ चतुर्वेदी द्वारा बिना किसी पोस्ट साक्ष्य दस्तावेज के किशोर अपचारी के विरुद्ध एक जांच आख्या दिनांक 29 सितम्बर 2015 को तैयार की गई तथा किशोर अपचारी के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करवा दिया, इससे उनकी भूमिका संदिग्ध हो जाती है। जब किशोर अपचारी से संबंधित मूल दस्तावेज नष्ट हो चुके थे, तब किस आधार पर मामले के तत्कालिक विवेचक एसआई विजय पाल सिंह द्वारा किशोर अपचारी के विरुद्ध आरोप पत्र प्रेषित किया गया।

इसमें यह तथ्य सामने आया कि मामले के विवेचक द्वारा हस्ताक्षर, अंगूठा निशान अथवा इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेजों की सत्यता के संबंध में कोई अन्वेषण जानकारी नहीं की गई। तत्कालिक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अमिताभ चतुर्वेदी द्वारा अपने पद का दुरुपयोग किया गया तथा तत्कालिक विवेचक एसआई विजयपाल सिंह द्वारा विवेचना में घोर लापरवाही की गई। किशोर न्याय बोर्ड के प्रधान मजिस्ट्रेट भुवन एवं सदस्य मंजू शर्मा ने अपने आदेश में किशोर अपचारी को दोषमुक्त करते हुए तत्कालिक विवेचक विजय पाल सिंह को लापरवाही एवं तत्कालिक एआरटीओ अमिताभ चतुर्वेदी को पद के दुरुपयोग का दोषी मानते हुए उनके विरुद्ध नियमानुसार विभागीय कार्रवाई करने के लिए आदेश जारी किया।

**▶ दरोगा विजयपाल और एआरटीओ अमिताभ चतुर्वेदी के खिलाफ विभागीय कार्यवाही के आदेश**

## नाबालिग खिलाड़ी के साथ कोच ने किया दुष्कर्म

**मेरठ, 10 जून (एजेंसी)। मेरठ के कंकरखेड़ा में कोच ने नाबालिग खिलाड़ी के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। जिस कारण नाबालिग का पिछले पांच दिनों से अस्पताल में उपचार चल रहा है। शनिवार को पीड़ित परिजन सैकड़ों लोगों को लेकर थाने पहुंचे और आरोपी के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र के रोहटा रोड स्थित फाजलपुर निवासी एक युवक ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि वह राजमिस्त्री का काम करता है। उसकी 10 वर्षीय बेटी जूनियर नेशनल लेवल की ताइक्वांडो खिलाड़ी है। उनकी बेटी ने जूनियर लेवल पर कई मेडल जीते हैं। उनकी बेटी फाजलपुर के एक स्कूल में पढ़ती है। स्कूल में ही ताइक्वांडो की कोचिंग कराई जाती है। उनकी बेटी लगभग चार साल से प्रशिक्षण ले रही थी। आरोप है कि उनकी बेटी लगभग एक सप्ताह पूर्व कोचिंग के बाद घर लौटी थी। इस दौरान उनकी बेटी के कपड़ों पर खून लगा हुआ था। बच्ची के कपड़ों पर खून लगा देख परिजनों के होश उड़ गए। पीड़ित परिजन अनहोनी की आशंका के चलते बच्ची को लेकर अस्पताल पहुंचे। पीड़ित परिजनों के अनुसार, तीन अस्पतालों ने उपचार के लिए मना कर दिया था, जिसके बाद चौथे अस्पताल ने बच्ची को भर्ती कर लिया। चिकित्सकों ने परिजनों को बताया कि बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना हुई है। कई यूनिट ब्लड बच्ची को चढ़ाना पड़ा। होश में आने के बाद बच्ची ने बताया कि कोच ने उसके साथ गलत काम किया है। पुलिस के भी होश उड़ गए। पुलिस ने बच्ची को मेडिकल के लिए भेज दिया।आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम लगा दी गई है।**

### दो युवतियों का अपहरण

**मुजफ्फरनगर, 10 जून (बु.)।** अलग-अलग स्थानों से एक नाबालिग सहित दो युवतियों का अपहरण कर लिया गया। दोनों मामलों की रिपोर्ट पुलिस में दर्ज कराई गई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है। छपार थाने पर दर्ज कराई गई रिपोर्ट में एक व्यक्ति ने बताया कि पड़ौस में रहने वाला तालिब उसकी 17 वर्षीया पुत्री को बहला फुसलाकर अपहरण कर ले गया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है। इसके अलावा मंसूरपुर थाने पर दर्ज कराई गई रिपोर्ट में मंसूरपुर निवासी युवक ने बताया कि पड़ौस में रहने वाला नदूं पुत्र ओम सिंह उसकी 20 वर्षीया बहन का अपहरण कर ले गया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### दो किशोरों के अपहरण की आशंका

**मुजफ्फरनगर, 10 जून (बु.)।** अलग-अलग स्थानों से दो किशोर संदिग्ध हालातों में लापता हो गए। परिजनों ने अपहरण की आशंका व्यक्त करते हुए पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। सिविल लाइन थाने पर दर्ज कराई गई रिपोर्ट में मदीना कॉलोनी निवासी जुबेर पुत्र यामीन ने बताया कि उसका 13 वर्षीय पुत्र विगत् 7 जून से लापता है। काफी तलाश करने पर भी उसका कोई सुराग नहीं लगा है। पीड़ित ने अपने पुत्र के अपहरण की आशंका व्यक्त की है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है। इसके अलावा नई मंडी थाने पर दर्ज कराई गई रिपोर्ट में पचेंडा कलां निवासी जसवीर सिंह पुत्र बुद्ध सिंह ने बताया कि उसका 14 वर्षीय पुत्र लवकुश विगत् 5 जून से लापता है। उसने भी अपने पुत्र के अपहरण की आशंका व्यक्त की है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

### ऑनलाइन टास्क के चक्कर में 52 हजार रुपये गवांए

**मुजफ्फरनगर, 10 जून (बु.)।** एक युवक ने ऑनलाइन टास्क पूरा करके रुपये कमाने के चक्कर में अपने 52 हजार रुपये गांव दिये, अब उससे और 30 हजार रुपयों की मांग की जा रही है। पीड़ित ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है, पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है। शहर कोतवाली पर दर्ज कराई गई रिपोर्ट में गांव पीनना निवासी सुमि पुत्र जगदीश ने बताया कि उसे ऑनलाइन टास्क पूरा करके पैसे कमाने का ऑफर मिला था। पीड़ित ने बताया कि कम्पनी ने उससे 52 हजार रुपये ले लिए और अब उससे और 30 हजार रुपयों की मांग की जा रही है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### दो मंदिरों में लागू हुआ ड्रेस कोड

**हरिद्वार।** कांवड़ मेला शुरू होने से पहले पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी की ओर से हरिद्वार के दक्षेश्वर महादेव मंदिर और ऋषिकेश के नीलकंठ महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं के लिए ड्रेस कोड लागू कर दिया गया है। हाफ पैंट, फटी जींस, मिनी स्कर्ट, नाइट सूट पहनकर आने वालों को मंदिर में प्रवेश नहीं मिलेगा। मर्यादित कपड़े पहनकर आने वालों को ही मंदिर में प्रवेश कर दर्शन करने की अनुमति होगी।

### क्लीनिक से चोरी की गई साईकिल बरामद, चोर दबोचा

**कांधला, 10 जून (बु.)।** दंत चिकित्सक के क्लीनिक के बाहर से मरीज की साईकिल चोरी हो गई। मामले को लेकर जमकर हंगामा हुआ, जिसके चलते पुलिस ने मौके पर जाकर आस पास की सीसी फुटेज खंगालते हुए चोर को साईकिल के साथ गिरफ्तार कर लिया है। शनिवार को गांव नईबस्ती निवासी शराफत दांत में पीड़ा होने पर कैराना मार्ग स्थित एक दंत चिकित्सक की दुकान गया हुआ था। पीड़ित ने अपनी साईकिल को क्लीनिक के बाहर खड़ा कर दिया था। आरोप है कि इसी दौरान अज्ञात व्यक्ति ने ग्रामीण की साईकिल को चोरी कर लिया, जब पीड़ित मौके पर पहुंचा, तो साईकिल मौके पर नहीं मिली, जिसे लेकर ग्रामीण ने मौके पर जमकर हंगामा किया।

## प्रबुद्धजनों का भाजपा से जुड़ने का आह्वान




मुजफ्फरनगर, 10 जून (बु.)। भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रबुद्ध सम्मेलन का आयोजन श्रीराम कॉलेज ऑडिटोरियम में किया गया जिसमें विवेक ठाकुर सांसद बिहार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल, विजय शुक्ला जिलाध्यक्ष, डी के शर्मा प्रदेश संयोजक सहकारिता, अशोक बाठला क्षेत्रीय संयोजक प्रबुद्ध प्रकोष्ठ, सोहनवीर सिंह पूर्व सांसद, अशोक कंसल पूर्व विधायक, कार्यक्रम संयोजक कांति राठी, विपुल भटनागर, विजय वर्मा, श्रीमती प्रेरणा मित्तल द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर के किया गया। सम्मेलन में शहर प्रबुद्ध जन प्रतिष्ठित डॉक्टर, वकील, चार्टर्ड अकाउंटेंट, वरिष्ठ उद्योगपति, अध्यापक आदि उपस्थित थे। मुख्य अतिथि विवेक ठाकुर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के 9 वर्ष पूर्ण होने पर सेवा,सुशासन एवं गरीब कल्याण की योजनाओं से सभी को अवगत कराया। कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि आज हम मोदी जी के नेतृत्व में विश्व की दसवी से पांचवी इकोनॉमी है देश में ही नहीं विदेश में भी मोदी जी के नेतृत्व को स्वीकारा जाता है। भ्रष्टाचार पर लगाम लगी है देश विकासशील से विकसित देश बनने की राह पर है। संयोजन विनीत कात्यान, रेणु गर्ग, कांति राठी, विपुल भटनागर विजय वर्मा एवं भूदेव सिंह ने भी किया। कार्यक्रम में देवव्रत त्यागी पूर्व जिलाध्यक्ष, सुषमा पुंडीर जिला महामंत्री, राहुल गोयल, कैप्टन प्रवीण प्रधानाचार्य, पुरुषोत्तम क्षेत्रीय मंत्री, डॉक्टर एम के तनेजा, डॉ. पीके कंबोज, आशु अरोरा, विजेंद्र पाल जिला उपाध्यक्ष, गुड्डू बेदी, विशाल गर्ग, अचिंत मित्तल, ललित माहेश्वरी, ओम प्रकाश शर्मा, ब्रज भूषण शर्मा, फूलचंद प्रधानाचार्य, रोहित तायल, महेश आचार्य, मदन पाल, श्री गोपाल माहेश्वरी, सुंदर पाल जिला अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा, प्रमोद मित्तल, दिनेश पुंडीर, मनमोहन वर्मा एडवोकेट, अमित वर्मा एडवोकेट, अमित सैनी एडवोकेट, अमित कुमार एडवोकेट, अनुज कुमार एडवोकेट, सचिन वर्मा, नीरज डावर, अनिल अरोरा, राजेंद्र कुमार,साधना, रक्षित नामदेव, शोभित गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## फतवा लेने दारुल उलूम देवबंद जाते क्रांति सेना कार्यकर्ता हाउस अरेस्ट






**मुजफ्फरनगर, 10 जून (बु.)।** पुलिस ने खुफिया विभाग की जानकारी पर कार्रवाई करते हुए दारुल उलूम देवबंद के लिए रवाना हो रहे क्रांति सेना कार्यकर्ताओं को हाउस अरेस्ट कर लिया। क्रांति सेना पदाधिकारियों ने एक प्रतिनिधिमंडल के दारुल उलूम देवबंद मौलाना से मिलकर हिंदू युवतियों से शादी के मामले में एक फतवा जारी कराने की बात कही थी।

क्रांति सेना ने कुछ दिन पहले आरोप लगाया था कि मुस्लिम युवक हाथों में कलावा बांधकर हिंदू युवतियों को अपने प्रेम जाल में फंसा रहे हैं। इसके लिए क्रांति सेना ने घोषणा की थी कि एक प्रतिनिधिमंडल दारुल उलूम देवबंद पहुंचकर फतवा जारी कराएगा। इसके तहत मुस्लिम युवकों को हाथों में कलावा बांधकर हिंदू लड़कियों के साथ धोखेबाजी पर सवाल उठाया जाएगा। क्रांति सेना के 10 जून को 11 पदाधिकारियों के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ दारुल उलूम देवबंद रवाना होने की घोषणा के मद्देनजर शनिवार को पुलिस ने प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों को हाउस अरेस्ट कर लिया। मुजफ्फरनगर की कई थानों की पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर जाकर प्रतिनिधिमंडल में शामिल क्रांति सेना पदाधिकारियों के घर पर पहुंचकर डेरा डाल दिया। सभी पदाधिकारियों को उनके घरों में नजरबंद किया गया। क्रांति सेना अध्यक्ष ललित मोहन शर्मा ने कहा कि जिला प्रशासन और पुलिस ने सरकार की सुनियोजित योजना के तहत उनके पदाधिकारियों को हाउस अरेस्ट किया है। उन्होंने कहा कि बहू बेटियों के सम्मान में क्रांति सेना शीघ्र ही एक बड़ा कार्यक्रम करेगी। इसमें समाज की बेटियों को दूसरे धर्म के लोगों के झांसे में न आने के प्रति जागरूक किया जाएगा।

### रक्तदान शिविर एवं नेत्रदान पंजीकरण शिविर संपन्न

**मुजफ्फरनगर, 10 जून (बु.)। कुछ दिन पूर्व स्वर्गवासी हुई श्रीमती उमा भाटिया की तेहरवीं पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में परिवार के आग्रह पर समर्पित युवा समिति एवम समर्पित महिला शक्ति के संयुक्त तत्वाधान में एक रक्तदान शिविर एवं नेत्र दान पंजीकरण शिविर का आयोजन किया गया इस शिविर में 37 लोगों ने नेत्रदान के लिए पंजीकरण करवाया एवं 33 लोगों ने रक्तदान कर दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की। रक्तदान करने वालों में प्रथम बार रक्तदान करने वाले एवं महिलाओं की संख्या सराहनीय रही। समर्पित युवा अमित पटपटिया ने बताया कि कुछ दिन पूर्व समाज सेविका श्रीमती उमा भाटिया जी का देहांत हो गया था तो परिवार ने उनके नेत्रों को दान कर दिया था इसी बात से प्रेरणा लेकर आज 37 लोगों ने नेत्रदान के लिए पंजीकरण कराया है। संजीव अरोरा ने आशा जताई कि भाटिया परिवार से प्रेरणा लेकर इस प्रकार के शिविर अन्य जगह भी भविष्य में लगाए जाएंगे। राखी ग्रोवर ,मनी पटपटिया, मेघा पटपटिया,पुनीत भाटिया, अरुण भाटिया, शक्ति चौहान, अनिकेत गुप्ता, कार्तिक कपिल, वरदान वाधवा, गुलशन अरोरा, शक्ति चौहान, मोहित इशपुजानी, हरीश अरोरा आदि ने महत्वपूर्ण सहयोग दिया।**

### कच्ची सड़क पर दो युवतियों को रोककर छेड़छाड़

**मुजफ्फरनगर, 10 जून (बु.)।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र में कच्ची सड़क पर दो युवतियों को रोककर उनसे छेड़छाड़ की गई। आरोपी धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। इस सम्बन्ध में दो आरोपियों के विरुद्ध पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। सिविल लाइन थाने पर दर्ज कराई गई रिपोर्ट में रामपुर निवासी युवक ने बताया कि उसकी बहन अपनी सहेली के साथ कच्ची सड़क से वापस अपने घर लौट रही थी। रास्ते में मनीष चौधरी व सागर ने उन्हें रोक लिया और उनका फोन नम्बर मांगते हुए उनके साथ छेड़छाड़ की। विरोध करने पर दोनों आरोपियों ने हाथापाई की। इसी बीच वह वहां पहुंच गया, जिस पर आरोपी धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

## जेई की हठधर्मी व आपूर्ति बाधित होने पर जताया विरोध

**मुजफ्फरनगर, 10 जून (बु.)।** शेरनगर के बिजलीघर पर ग्रामीणों और किसानों की ओर से अधिकारियों पर विद्युत आपूर्ति बाधित किए जाने के विरोध एवं अवैध वसूली को लेकर धरना दिनभर जारी रहा। इस दौरान मौके पर पहुंचे एसडीओ ने हंगामा कर रहे ग्रामीणों को शांत करने के साथ ही विद्युत आपूर्ति सुचारू करने का आश्वासन दिया। इस दौरान धरने पर बैठे ग्रामीणों ने जेई पर अवैध रूप से वसूली किए जाने के गंभीर आरोप लगाते हुए उसके विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की। नई मंडी क्षेत्र के गांव शेरनगर बिजलीघर पर ग्रामीणों का धरना शनिवार को दिनभर जारी रहा। इस बीच धरने पर मौजूद किसानों ने बिजलीघर के जेई बिजेंद्र सिंह पर आएदिन मनमानी करने के साथ अभद्र व्यवहार किए जाने का आरोप लगाते मामले में जांच किए जाने के साथ कार्रवाई की मांग की। इस दौरान हंगामे के बीच मजदूर किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने धरने पर पहुंच कर ग्रामीणों की मांगों का समर्थन किया और विद्युत विभाग के आला अधिकारियों को भी मौके पर बुलाया। गांव शेरनगर में चल रहे इस धरने पर मुख्य रूप से क्षेत्र के गांव बिलासपुर के प्रधान आसिफ चौधरी, शेरनगर प्रधान इकराम अंसारी के साथ मजदूर किसान यूनियन से राष्ट्रीय संगठन मंत्री महबूब अंसारी, जिला मंत्री इस्तकार अंसारी, ग्राम अध्यक्ष इनाम चौधरी आदि मौजूद रहे। दिनभर जारी हंगामे के बीच धरने पर मौजूद ग्रामीणों के बीच पहुंचे एसडीओ साहब सिंह ने इस बीच जेई बिजेन्द्र सिंह व अन्य तमाम आरोपियों की जांच कराए जाने का आश्वासन दिया। एसडीओ के आश्वासन के बाद बीती रात्रि से चले आ रहे इस धरने को मौजूद जिम्मेदार लोगों ने समाप्त किए जाने की घोषणा की, तब जाकर अधिकारियों ने राहत की सांस ली।

**▶ शेरनगर में धरना देते हुए की कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग**